हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025



# पहले दिन से नामांकन की होड़, मेयर के लिए तीन व पार्षद बनने 20 ने लिया फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में आगामी 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिले की प्रक्रिया बुधवार से शुरू कर दी गई है। पहले दिन ही महापौर पद के लिए तीन और 51 वार्डों में पार्षद पद के लिए 20 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। खास बात यह है कि भले ही अब तक कांग्रेस और भाजपा द्वारा प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की गई है, लेकिन दावेदारी करने वाले नेता पहले ही नामांकन फार्म लेकर अपनी तैयारी कर रहे है। यही कारण है कि पहले दिन नामांकन फार्म लेने वालो में नए चेहरो के साथ ही पुराने दिग्गज नेता भी शामिल रहे।

नाम निर्देशन पत्र दाखिले की शुरूआत के पहले दिन कुल 23 लोगों ने नामांकन फार्म लिया है और एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। महापौर और पार्षद पद के लिए कलेक्टर कार्यालय के भीतर पांच स्थानों में वार्डवार नामांकन फार्म लिए जा रहे हैं। इसके लिए बैरिकेटिंग की गई है, लेकिन पुलिस जवानों की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कलेक्टर कार्यालय के बाहर और भीतर नजर नहीं आ रही है। चंद पुलिस कर्मी ही तैनात किए गए हैं।

**फार्म के साथ ली जा रही राशि**

अनावश्यक फॉर्म ले जाने से बचने के लिए नाम निर्देशन पत्र लिए जाने के दौरान ही निक्षेप राशि जमा कराई जा रही है। जिसमें सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी से महापौर पद के लिए 20 हजार और पार्षद पद के लिए 5 हजार रुपए की जमानत राशि ली जा रही है।

## पूर्व महापौर सुदेश देशमुख ने भी लिया मेयर का नामांकन फार्म, प्रत्याशियों की घोषणा बाकी

### भाजपा-कांग्रेस में बराबरी

शहर के 51 वार्डों में पार्षद चुनाव लड़ने के लिए कुल 20 लोगों ने अपना नाम निर्देशन फॉर्म प्रथम दिन लिया है। जिसमें से 9 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से और 9 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की ओर से अपना नाम निर्देशन पत्र लिया है। वहीं एक उम्मीदवार ने शिवसेना की ओर से और एक ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन फॉर्म लिया है।

### दो कांग्रेस और एक निर्दलीय

महापौर पद के लिए प्रथम दिन तीन लोगों ने नामांकन फार्म लिया है। जिसमें से दो लोगों ने स्वयं को कांग्रेस उम्मीदवार बताते नामांकन फार्म लिया है। वहीं एक ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र लिया है।



### गणतंत्र दिवस पर अवकाश

संयुक्त कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिले की प्रक्रिया 28 जनवरी तक चलेगी। 29 जनवरी को स्कूटनी के बाद 31 जनवरी की दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर अवकाश रहेगा। इस दिन नाम निर्देशन पत्र नहीं लिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### ईरा में मड़ई 26 को

**राजनांदगांव।** सोमनी स्थित ग्राम ईरा में समस्त ग्रामवासी व निषाद समाज के तत्वावधान में गुहा जयंती व मंडई मेला का आयोजन 26 जनवरी को किया जा रहा है। निषाद समाज द्वारा सुबह राम मंदिर से भक्त गुहा राज के प्रतिमा के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मंडई का आयोजन होगा। इसके बाद रात्रि में रायपुर के प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग का आयोजन होगा। यह जानकारी ग्राम पटेल इंद्रकुमार साहू ने दी।

### 26 और 30 को शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने 26 जनवरी एवं 30 जनवरी को राजनांदगांव जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों, रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार, क्लब एवं मद्य भण्डारण-भण्डागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के निर्देश दिए है तथा संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## पार्षद पद के लिए भाजपा की पहली सूची कल, कांग्रेस 25 को करेगी जारी!

# भाजपा और कांग्रेस ने पैनल पर की घंटों माथापच्ची, कई वार्ड में सिंगल नाम तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा-कांग्रेस ने अब प्रत्याशियों की सूची फाइनल करना शुरू कर दिया है। भाजपा और कांग्रेस ने जिला स्तर पर पैनल को लेकर चर्चा के बाद सभी वार्ड से एक-एक नाम तय कर दिया गया है। भाजपा ने कई वार्ड में दो दर्जन से ज्यादा वार्ड में सिंगल नाम तय कर लिए हैं। वहीं शेष वार्डों में तीन नामों का पैनल तैयार कर कल इसे संभागीय समिति में भेजा जाएगा। इधर कांग्रेस नेताओं ने भी पैनल तैयार करने का काम पूरा कर लिया है।

नगर निगम चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के बुधवार से शुरू होने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन की कवायद भी तेज कर दी है। दोनों दलों द्वारा आगामी 26 जनवरी तक प्रत्याशियों की सूची जारी करने की रणनीति तैयार की है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि जिन वार्ड में एक नाम पर सर्वानुमति बन गई है, वहां के नाम एक-दो दिनों में भी घोषित कर दिए जाएंगे।

**खास बातें**

- पैनल तैयार, संभागीय समिति में भेजा जाएगा नाम
- सर्वानुमति बने वार्डों में नाम की घोषणा एक-दो दिनों के भीतर संभव



### मेयर के लिए भी चल रहा मंथन

इधर पार्षद पद के अलावा महापौर पद को लेकर भी प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। शहर में सामान्य वर्ग से प्रत्याशी उतारने की तेज होती मांग के बाद भाजपा में जहां नीलू शर्मा, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, मोनू बहादुर सिंह, राधेश्याम गुप्ता, आलोक श्रोती के नाम आगे चल रहे है। वहीं कांग्रेस में कुलबीर सिंह छाबड़ा, जीतू मुदलियार, निखिल द्विवेदी, नरेश डाकलिया, तथागत पांडे, रुपेश दुबे, एनी माखिजा जैसे नाम आगे है। हालांकि दोनों ही दल अपने प्रत्याशियो का फैसला 25 और 26 जनवरी को ही करेगी।


### समर्थकों के लिए अड़े नेता

भले ही दोनों राजनीतिक दल टिकट वितरण को लेकर दावा कर रही है कि जीताउ कैंडिडेट को ही टिकट दी जाएगी। लेकिन मंगलवार को हुई भाजपा और कांग्रेस की बैठकों में वरिष्ठ नेताओं के बीच अपने समर्थको को टिकट दिलाने के लिए होड़ देखने को मिली। सभी नेता अपने करीबियो को टिकट दिलाने के लिए जोर लगाते रहे। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन वार्डों में वरिष्ठ नेताओं का घर है, उस वार्ड से उनकी पसंद के ही कार्यकर्ताओं के नाम आगे बढ़ा दिए गए है।

### निजी होटल में गोपनीय बैठक

पार्षद पद के लिए थोक में दावेदार सामने आने के कारण कांग्रेस ने एक निजी होटल में मंगलवार को एक गोपनीय बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन सहित ब्लॉक और शहर कांग्रेस के नेताओं को तलब किया गया था। बताया जाता है कि श्री देवांगन ने प्रत्याशी चयन को लेकर नेताओं के साथ रायशुमारी की। बुधवार को भी निजी होटल में शहर के कांग्रेसियों की एक बैठक हुई है। जिसमें पैनल तैयार किया गया है। बताया जाता है कि कुछ वार्ड में सिंगल नाम तय भी कर लिए गए हैं।

## टिकट और नामांकन से पहले ही डिजिटल प्रचार का आगाज खुद को बेहतर बताने की होड़



**राजनांदगांव।** नामांकन दाखिल करने से पहले ही अपने वार्डों से दावेदारी करने वाले लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए हैं और स्वयं को जिताने के लिए जनता से अपील का मैसेज भी डाल रहे हैं। दावेदार खुद को अपने वार्ड से मजबूत प्रत्याशी के रूप में प्रस्तुत करने में लगे हुए। इनमें कई निर्दलीय भी हैं, जो अपने वार्ड से चुनाव लड़ने स्वयं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। 31 जनवरी को नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद चुनाव चिन्ह मिलने पर प्रत्याशियों के सामने चुनाव प्रचार- प्रसार को लेकर महज 10 दिन ही है। ऐसे में चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए समय कम होने के चलते सोशल नेटवर्किंग साइट प्रत्याशी के लिए कम समय में बगैर झंडे, बैनर, पोस्टर के प्रचार का मजबूत माध्यम बना हुआ है। राजनांदगांव शहर में ही वाट्सएप के हजारों ग्रुप हैं। जिसमें लाखों मतदाता शामिल हैं। इन सभी व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रचार सामग्रियों को लेकर नजर रखना निर्वाचन आयोग के लिए संभव नहीं है। जिसके चलते सोशल नेटवर्किंग साइट पर जमकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी होता है। लोग योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी करते हैं।

**व्हाट्सएप ग्रुप और पर्सनल में मैसेज का दौर** : चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों अपनी तस्वीर के साथ अपना संक्षिप्त बायोडाटा तैयार कर विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में डाला जा रहा है। जिसमें अपने राजनीतिक और सामाजिक कार्यों को भी बता रहे हैं। वहीं वार्ड के लोगों को उनके पर्सनल व्हाट्सएप पर भी संदेश भेजे जा रहे हैं।

## दोपहर में चिलचिलाती धूप, शाम होते ही ठंड का अहसास..उतार-चढ़ाव का सेहत पर असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम में इन दिनों तेजी के साथ बदलाव हो रहा है। दोपहर की धूप जहां अभी से असहनीय होते जा रही है। वहीं शाम के बाद ठंड का अहसास किया जा रहा है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन न्यूनतम तापमान में इजाफा देखने को मिलेगा। उसके बाद 26 से 29 जनवरी के मध्य दोबारा न्यूनतम तापमान में कमी आएगी।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पंजाब और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवर्ती परिसंचरण हरियाणा और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

दूसरा पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में मध्य और ऊपरी क्षोभ मंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 65 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। इधर जनवरी माह के मध्यान्ह में मौसम में तेजी के साथ बदलाव आया है।



### ऐसा रहेगा सप्ताह का मौसम

विभाग के अनुसार प्रदेश में कल 23 जनवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की भी संभावना है। 24 से 26 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मंगलवार को अंचल का अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहा।

मकर संक्रांति के बाद से लगातार मौसम में तब्दीली का दौर जारी है। इन दिनों तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। खासकर दोपहर की धूप चिलचिलाने लगी है। वही दिनभर गर्मी का आलम बना हुआ है। शाम होने के बाद ठंड का वातावरण कायम है।

### रात को खासा ठंड

दोपहर की धूप के चलते लोग अभी से ही गर्मी से बचने के लिए गमछा, टोपी, चश्मा इत्यादी का उपयोग करना शुरू कर दिए हैं। वहीं दूसरी ओर शाम होते ही ठंड से राहत पाने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग किया जा रहा है। रात के समय खुले स्थानों पर ठंड का खासा असर बना हुआ है। इधर वनांचल इलाके में ठंड का असर अभी भी बना हुआ है। रात के समय अच्छा खासा ठंड का माहौल है। मौसम का मिलाजुला असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।

## ममता नगर अंडरब्रिज में लगी वाहनों की लंबी कतार, जाम से लोग हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ममता नगर रोड अंडरब्रिज से लगे तुलसीपुर रोड में सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते यातायात का दबाव बना हुआ है। आज शाम को जाम की स्थिति निर्मित रही। लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ज्ञात हो कि ममता नगर अंडरब्रिज के पास आए दिन जाम की स्थिति निर्मित रहती है। खासकर भारी वाहनों के आवाजाही के चलते आम लोगों को हलाकान होना पड़ जाता है। वहीं सड़क के दोनों ओर व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



फाईल फोटो

### आवागमन करने वाले हुए परेशान

बुधवार को अंडरब्रिज से लगे तुलसीपुर सड़क का मरम्मत कार्य चल रहा है। जिसके चलते उक्त मार्ग बंद है। दूसरी ओर ममता नगर रोड में यातायात का दबाव बढ़ गया है। हल्की व भारी वाहनों व सड़क निर्माण में लगे वाहनों की आवाजाही से यहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके चलते यहां से आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घंटों बाद उक्त मार्ग की स्थिति सामान्य हो पाई। उक्त मार्ग से मोतीपुर-नवागांव सहित ग्रामीण इलाकों की ओर जाने वालों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने जाम की स्थिति को देखते अन्य मार्ग से भी अपने गंतव्य स्थान की ओर रवाना हुए।

### रात में मवेशियों का डेरा

बताया गया कि उक्त मार्ग में अंडरब्रिज के पास रात के समय आए दिन मवेशियों का डेरा बना रहता है। जिसके चलते भी यहां से आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अंडरब्रिज के दोनों ओर यही आलम होने से पूर्व में दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।

## आरोपी से महाराष्ट्र की शराब बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी युवक से 22 पौवा महाराष्ट्र निर्मित संतरी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

आदर्श आचार संहिता के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना पुलिस गैंदाटोला द्वारा ग्राम केशोखेरी तिराहा के पास मुखबिर बताए हुलिया का व्यक्ति मिलने पर उसके पास रखे काले रंग के बैग से कुल 20 नग पौवा महाराष्ट्र निर्मित देसी शराब संतरी अवैध रूप से बिक्री करने ले जाते हुए मिला। जिसके रखने के संबंध में आरोपी द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं करने पर आरोपी से उक्त अवैध शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## खैरागढ़ में कमलेश, मोहला-मानपुर में चंद्राकर फहराएंगे ध्वज

# निर्वाचन क्षेत्र के समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे जनप्रतिनिधि, जिले में झंडा फहराएंगे मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिका और त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचनों की आदर्श आचरण संहिता लागू रहने के दौरान गणतंत्र दिवस के समारोहों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में राजनीतिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और समारोहों में राजनीतिक प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। आदर्श आचार संहिता के तहत राजनीतिक पदाधिकारी अपने गृह जिले या निर्वाचन क्षेत्र के बाहर शासकीय समारोहों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में कोई समारोह में हिस्सा नहीं ले सकते। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय आयोजनों में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की अनुमति है, परंतु उनके भाषण में किसी भी प्रकार के राजनीतिक प्रचार की मनाही रहेगी। वे केवल देशभक्ति, शहीदों की शौर्य गाथाओं और राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा कर सकेंगे, लेकिन नए निर्णय या घोषणाएं नहीं कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को इन दिशा- निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं, ताकि चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे।




### नहीं कर सकेंगे नई घोषणाएं

गणतंत्र दिवस पर किसी भी नई घोषणा की अनुमति नहीं होगी और किसी भी प्रकार के राजनीतिक प्रचार को प्रतिबंधित किया गया है। शासन की प्रचलित योजनाओं का झांकियों के रूप में प्रदर्शन किया जा सकता है, लेकिन झांकियों में राजनीतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाए जा सकेंगे।

### नहीं कर सकेंगे राजनीतिक प्रचार

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो सकता है, लेकिन इन कार्यक्रमों में भी राजनीतिक प्रचार-प्रसार पर सख्ती से रोक रहेगी। त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण कर सकते हैं, लेकिन उनके कार्यकाल की अवधि में कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं होनी चाहिए।

**माय एंगल**




समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडॉंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)



- फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार

उपलब्ध सुविधाएं
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना

आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
- अपॉईंटमेंट हेतु संपर्क करें - 077443 56654
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### कबड्डी में महरूमखुर्द विजेता



**ठेलकाडीह।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान एवं विभागीय अधिकारी नितिन शर्मा के नेतृत्व में बासुला में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित कबड्डी में महरुमखुर्द प्रथम, बासुला द्वितीय, तृतीय स्थान ढाबा ने प्राप्त किया। अतिथि मुरली शरण वैष्णव, गिरवर वर्मा, यशवंत वर्मा, बहाल वर्मा, तेजस्वी वर्मा, जमुना साहू, मानसिंह साहू, राजा वर्मा, जितेंद्र वर्मा, ज्योति साहू, खेमू साहू आदि उपस्थित थे।

### प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव कल

**डोंगरगांव।** स्थानीय चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में 24 जनवरी को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी करेंगे। विशेष अतिथि रामकुमार गुप्ता, नारायण साहू, संतोष यादव, लक्ष्मी नारायण सेन, सिंधी महिला मंडल, महेश्वरी महिला मंडल के पदाधिकारी होंगे। इस मौके पर साइंस एक्जीविशन , फैंसी ड्रेस, डांस आदि का आयोजन किया गया है।

### मानस का समापन आज

**घुमका।** अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने की ख़ुशी में ग्राम पंचायत बाटगांव के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में नवयुवक मित्र मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 23 और 24 जनवरी को मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन कल 24 जनवरी को होगा।

### हितग्राही कार्ड का वितरण

**मोहला।** मानपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत ईरागांव में स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। इस मौके पर हितग्राहियों को कार्ड वितरित किया गया। यह कार्यक्रम मदन साहू पूर्व जिला अध्यक्ष के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीईओ मो. हनीश खान सहित आसपास पंचायत के सरपंच आदि मौजूद थे।

### गुप्त नवरात्रि पर्व 30 से



**डोंगरगढ़।** हिंदू धर्म में चैत्र और शारदीय नवरात्रि का काफी महत्व है। माघ और आषाढ़ महीने में गुप्त नवरात्रि आती है। गुप्त नवरात्रि में माँ भगवती की आराधना की जाती है। इस अवधि में 10 महाविद्या में शामिल माँ काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, मां छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, मां बंगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा की जाती है। गुप्त नवरात्रि 30 जनवरी से प्रारंभ होगी। आगामी 6 फरवरी तक यह पर्व चलेगा। गुप्त नवरात्रि के दौरान घट स्थापना उसी तरह की जाती है जिस तरह से चैत्र और शारदीय नवरात्रि में होती है। नौ दिनों तक सुबह-शाम मां दुर्गा की पूजा की जाती है।

### पुलिस बल ने किया फ्लेग मार्च



**डोंगरगढ़।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद एसडीएम मनोज मकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम के नेतृत्व में शहर में फ्लेग मार्च निकाला गया। यह आयोजन में शांति व्यवस्था के लिए किया गया था। फ्लेग मार्च राजस्व अमला, पुलिस बल, आईटीबीपी के जवान शामिल थे।

### शपथ ग्रहण समारोह 26 को

**डोंगरगढ़।** पेंशनर्स एसोसिएषन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हंसराज साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा गत दिनों कर दिया है। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण के बाद शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है। कार्यक्रम जिला पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जीआर देवागन के अतिथ्य में होगा। संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, सचिव रमेश बहेकर, उपाध्यक्ष सीपी शर्मा, उपाध्यक्ष कुलदीप साहू, महिला उपाध्यक्ष कुंता काडे, सह सचिव हेमंतकुमार, कोषाध्यक्ष बीआर बघेल, उप कोषाध्यक्ष त्रिभुवन दुबे, अंकेक्षक रामकुमार देवांगन, संरक्षक एलके नारंग, केआर देवांगन, काशीराम साहू, डीपी शर्मा, जेके जैन, सलाहकार हीरालाल यादव, वायएम विजयवार, बबलूराम शाडिल्य, केके बघेल, सिध्दार्थ मेश्राम, संयोजक एसआर वर्मा, भग्गुलाल साहू, अश्वनी पैकर आदि ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### मंदिर का स्थापना महोत्सव 25 से

**डोंगरगढ़।** श्री रूद्र हनुमंत पिंगाक्ष मंदिर स्थापना महोत्सव 25 से 27 जनवरी तक मनाया जाएगा। इस मौके पर कथा का आयोजन जराही में संस्कार शांति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में रखा गया। प्रवचनकार्ता तरूण शास्त्री नागतराई होंगे। कार्यक्रम 2 से शाम 5 बजे तक चलेगा।

### समर्पण की भावना ही श्रेष्ठ



**ठेलकाडीह।** सदैव सत्कर्म करते रहना चाहिए। यदि सच्चे मन से प्रयास किए जाएं तो जीवन में ईश्वर अवश्य मिलता है। यह बात श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पं. गणेश शास्त्री ने सलोनी में व्यक्त किए। उन्होंने कहा मोक्ष हासिल करने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा ईश्वर के साथ पारिवारिक प्रेम निभाया जाना चाहिए। जहां परिवार की भावना होती है वहां अवगुण नहीं आता। उन्होंने भागवत कथा सरल ग्रंथ बताते हुए कहा कि सरलता को जीवन में उतारना सहज है। भागवत जीवन में उतरती है तो भगवान के प्रति समर्पण की भावना आती है। समर्पण की भावना ही श्रेष्ठ होता है। मंगलवार को कार्यक्रम में बैंक मैनेजर मोरध्वज, देशफिरंता, रवि ठाकुर, राजेश साहू, राजकुमार संघारे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## अधिसूचना जारी होने के बाद बढ़ेगी गतिविधियां, प्रशासन भी हुआ सक्रिय

# तारीख की घोषणा के साथ गांवों में बढ़ी चुनावी हलचल, मतदाताओं की नब्ज टटोलने जुटे नेता

निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक के अधीन आने वाले जिला पंचायत के तीन निर्वाचन क्षेत्र में घोषणा होने के साथ ही संभावित उम्मीदवारों को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं हालांकि पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा- कांग्रेस की अपेक्षित तैयारी नहीं दिख रही है फिर भी आरक्षण होने के पहले से पंचायत की राजनीति करने वालों ने अपने लिए जमीन तैयार करना शुरू कर दिया था।

ब्लाक के अधीन आने वाला जिला पंचायत का निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी इस बार भी महिलाओं के खाते में है। यहां से मौजूदा सदस्य और उप मुख्यमंत्री अरुण साव की रिश्तेदार इंदुमती साहू भाजपा से स्वाभाविक दावेदार है। वहीं जिला भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा की पत्नी आरती शर्मा भी चुनाव लड़ने इच्छुक है। भाजपा नेता विजय जैन की पत्नी नेहा जैन के नाम की भी चर्चा है। कांग्रेस से जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा की पत्नी रीता नाहटा के अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य विभा साहू के नाम चर्चा में हैं।



### तुमडीबोड़ रच सकता इतिहास



ब्लाक के अधीन आने वाले निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 तुमड़ीबोड़ में अगर अब कुछ ठीक रहा तो एक नया इतिहास रच सकता है। यहां से दो बार से कांग्रेस के महेंद्र यादव सदस्य निर्वाचित हो रहे हैं। इस बार भी इस क्षेत्र के पिछड़ा वर्ग मुक्त के खाते में होने से श्री यादव दावेदार और टिकट के हकदार हैं। श्री यादव यहां से तीसरी बार जीत दर्ज करते हैं तो पंचायत की राजनीति में नया इतिहास दर्ज करेंगे। पंचायती राज क़ानून लागू होने के बाद से अब तक कोई भी एक ही निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीन बार जीत दर्ज नहीं कर सका हैं। यहां कांग्रेस से होमदत्त वर्मा, भाजपा से मूलचंद लोधी, महेंद्र वैष्णव दावेदार हो सकते हैं।

### फिर साहू और यदु के बीच मुकाबला



जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक छह आसरा में एक बार फिर यदु और साहू समाज की महिला के बीच जंग देखने मिल सकती हैं। यहां से वर्तमान में भाजपा की जागृति चुन्नी यदु सदस्य है। पिछली बार की तरह उनका साहू समाज की महिला के साथ मुकाबला होने की अटकलें हैं। यहां से जनपद अध्यक्ष टिकेश अपनी पत्नी नीलम साहू को चुनाव लड़ाने की तैयारी में हैं।

## घोषणा के साथ चुनावी गतिविधि हुई तेज




**सड़क अतरिय।** सोमवार को आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासन की चुनावी गतिविधि तेज हो गई। प्रशासन ने प्रवेश द्वार, भवन आदि में लगे होल्डिंग तथा जनप्रतिनिधियों की तस्वीर को ढक दिया वहीं राजनीतिक दलों की तैयारी ने भी गति पकड़ लिया। भाजपा- कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी है।

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पांच में कांग्रेस से तीन जिला अध्यक्ष ने दावेदारी किया है जिसमें कामदेव जंघेल, गुलशन तिवारी तथा रामकुमार पटेल शामिल हैं। वहीं भाजपा में नए और मजबूत उम्मीदवार की तलाश की जा रही है। इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 में भाजपा से विक्रांत सिंह की दावेदारी मजबूत है। कांग्रेस में टक्कर देने वाला उम्मीदवार की तलाश है। क्षेत्र क्रमांक तीन में प्रियका ताम्रकार ने दावेदारी की है वही पूर्व सरपंच कामती जंघेल भी कतार में हैं। कांग्रेस इस सीट से लोधी महिला को उतार सकती है। क्षेत्र क्रमांक दो में कांग्रेस दो पूर्व जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा तथा ममता पाल दावेदार है। भाजपा को यहां जीतने वाले उम्मीदवार की तलाश है।

### बैठक में दावेदारों ने दिया आवेदन



**गंडई पंडरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के लिए लाल रोहित सिंह पुलत्स्य एवं क्षेत्र क्रमांक 4 में युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो को पर्यवेक्षक बनाया है। उन्होंने दावेदारों से आवेदन लेने राज महल पंडरिया में बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से इंद्राणी सुरेश पटेल, कविता अशोक जंघेल, क्षेत्र क्रमांक 4 से शत्रुहन चंदेल, ज्ञानेंद्र जंघेल, टीकम साहू, रणजीत चंदेल, रमेश साहू, भिगेश यादव ने आवेदन दिया। इस मौके पर सभी दावेदारों ने अपनी बातें रखा। इसी दौरान जनपद सदस्य के लिए भी दर्जन भर लोगो ने दावेदारी पेश किया।

# अध्यक्ष के लिए 10 ने मांगा टिकट

## पार्षद बनने कांग्रेस में दावेदारों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

निकाय चुनाव की घोषणा के साथ कांग्रेस में भी सरगर्मी बढ़ गई है। पालिका अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए गत दिनों दावेदारों ने आवेदन सौंपा है।

कांग्रेस पर्यवेक्षक श्रीकिसन खंडेलवाल, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान एवं ब्लाक अध्यक्ष विजय राज चौहान गहन मंथन कर प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है। पालिका अध्यक्ष के लिए धीरज मेश्राम, नलिनी मेश्राम, सुदेश मेश्राम, अमिन उके, नरेश करसे, प्रकाश महानदी, तरूण फुले, प्रजेश सहारे, शिशुपाल भारती एवं मयूर हथेल ने दावेदारी किया है।

शहर के 24 वार्डों से चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त करते हुए बड़ी संख्या में महिला पुरूषों ने आवेदन देकर टिकट की मांग किया है।

जानकारी के अनुसार वार्ड 1 से लक्ष्मी यादव, देवकी निषाद, वार्ड 2 से संजय फुले, प्रशांत कांडे, आशीष डोंगरे, वार्ड 3 से श्रवण सिंह, संतोष राजपुत, के.विनायक राव, वार्ड 4 से चंद्रशेखर बोरकर, शेख इजराईल खान, सागर रामटेके, वार्ड 5 से संजू गजभिये, राखी करसे, अमिता मेश्राम, अपेक्षा राउत, वार्ड 6 से कृष्णा लिल्हारे, मयूर हथेल, वार्ड 7 से जयसिंग, वार्ड 8 से तरूण फुले, संजय सिन्हा, भाउदास मेश्राम, बबलू खोब्रागढे, वार्ड 9 से जयकिशोर अंबादे, विजय सरजारे, वार्ड 10 से मुकेश सहारे, राखी सहारे ने दावेदारी किया है।

### महिलाओं ने भी ठोका दावा

इसी प्रकार वार्ड 11 से शिशिर मिश्रा, सुभाष यादव, वार्ड 12 से दीपाली भंडारी, वार्ड 13 से सन्नी भाटिया, जितेन्द्र सिंग भाटिया, सुनील सिवनकर, वार्ड 14 से नैना धमगाये, रूपा कोटांगले, वार्ड 15 से देवेश साहू, राधिका साहू, देवकुमारी निषाद, वार्ड 16 से दयाराम सिन्हा, भागवत चौधरी, मनोज रजक, मंगलीन बाई, मधु श्रीवास्तव, वार्ड 17 से शेखर सोनी, संजय श्रीवास्तव, संजीव गोमास्ता, अक्षय चौरडिया, आनंद पंचरत्न, गौतम चौपड़ा, वार्ड 18 से मंजूषा भारद्वाज, वार्ड 19 से राधे कन्नौजिया, प्यारेलाल पुरोहित, निरूद्दीन जीवा, वार्ड 20 से लक्ष्मी शांडिल्य, सिराज रजा खान, वार्ड 21 से नेमलता कंडरा, देविका बाई, वार्ड 22 से राहुल यादव, वार्ड 23 से राधे धनुलकर, वार्ड 24 से गुलाबाबाई निषाद, कविता यादव, आरती निषाद ने टिकट मांगा है।

## राम सीता के वेश में स्कूल पहुंचे बच्चे

**सड़क अतरिया।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सड़क अतरिया स्थित राम जानकी हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। पूजा के बाद प्रसादी वितरित किया गया। इसी प्रकार वेद विज्ञान विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र- छात्राएं राम सीता का वेश धारण कर स्कूल पहुंचे थे। शिक्षक एवं छात्रों ने रामलला की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय संचालक राजेश देवांगन, प्राचार्य रवि चंदन, लेखूराम श्रीवास, मनोज यादव, कैलाश पटेल, सुरेश साहू, सरगम गुप्ता, जोहित जंघेल, जितेन्द्र सेन, रैमुन बंजारे, ज्योति जंघेल, पूजा साहू , देवकी जंघेल, रागिनी साहू, वर्षा जंघेल, सुधा जंघेल, पायल आदि थे।



## भाजपा नेता ने की ढारा सरपंच के खिलाफ शिकायत

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण मंडल के प्रेमलाल वर्मा ने ढारा के सरपंच द्वारा बगैर अनुमति शासकीय आवास ध्वस्त करने की शिकायत के बाद अब भाई के नाम पर फर्म बनाकर फर्जीवाडा करने की शिकायत कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से किया है। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की है।

उन्होंने शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत ढारा के सरपंच ने अपने भाई के नाम पर मोहन ट्रेडर्स एवं मोहनलाल वर्मा आदि नाम से फर्म बनाकर बिल भुगतान कराया है। जनपद पंचायत ने फर्मों का जीएसटी नं. नही होने के बाद भी भुगतान होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में जनपद पंचायत की भी संलिप्तता है। उन्होंने बताया कि मोहन वर्मा की फर्म के नाम पर सीमेंट, लोहा, गिट्टी आदि का बिल बनाकर राशि निकाला गया है। उन्होंने कहा कि कई बिलों में मात्र सरपंच के हस्ताक्षर है। सचिव के हस्ताक्षर नहीं होने के बाद भी बिलों को स्वीकृत कर राशि का आहरण किया गया है। उन्होंने शिकायत में आगे बताया कि वर्ष 2021 से 23 तक सीमेंट, छड़, गिट्टी, मोबाइल एवं जनरल स्टोर्स आदि के नाम पर 17 लाख का भुगतान किया गया है। उन्होंने मामले की जांच अन्य विभाग के अधिकारियों से कराने की मांग की है।

# चुनाव टलने से नेता और वोटर मायूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

- आरोप : प्रशासन बरत रहा लापरवाही



नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा हो चुकी है किन्तु स्थानीय नगर पंचायत का चुनाव नहीं होने से भाजपा-कांग्रेस के दावेदार और मतदाता मायूस हैं। चुनाव आयोग से निकाय और पंचायत चुनाव की तारीख घोषित कर दिया है किन्तु स्थानीय नगर पंचायत के चुनाव को टाल दिया है। अध्यक्ष पद की कांग्रेस से दावेदार डॉली पीयूष दुबे ने चुनाव टालने के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की घोषणा हो गई है किन्तु नव गठित नगर पंचायत घुमका का नाम सूची से गायब है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर ही प्रशासनिक लचरता के चलते चुनाव में विलम्ब किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 6 अक्टूबर 2023 को घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दिया था।

अधिसूचना भी प्रकाशित कर दिया गया था परन्तु सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार ने चुनाव कराने में रूचि नहीं दिखा रही है और प्रक्रिया में जानबूझ कर विलंब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी होने के सालभर बाद भी वार्डों का परिसीमन, मतदाता सूची प्रकाशन आदि प्रक्रिया में देर किया जाना घुमका की उपेक्षा है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है किन्तु वार्डों का आरक्षण नहीं किया गया है।

# एलबी नगर के वोटर पहली बार चुनेंगे अध्यक्ष और पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अंचल के सबसे बड़े ग्राम लाल बहादुर नगर में पहली बार नगर पंचायत के चुनाव होंगे। नगर पंचायत के 15 वार्डों के साथ अध्यक्ष पद की आरक्षण प्रक्रिया पूरी हो गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष का पद अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। इसी प्रकार वार्ड 1 भागतसिंग अन्य पिछडा वर्ग, वार्ड. 2 कर्मा माता अन्य पिछडा वर्ग, वार्ड 3 लाल बहादुर शास्त्री अन्य पिछडा वर्ग, वार्ड 4 सुभाषचंद्र बोस अन्य पिछडा वर्ग महिला, वार्ड 5 महात्मा गांधी अनारक्षित, वार्ड 6 लोकमान्य तिलक अनारक्षित, वार्ड 7 घुमियार चौक अन्य पिछडा वर्ग, वार्ड 8 शहीद आत्माराम अनारक्षित, वार्ड 9 अटल बिहारी वाजपेयी अनारक्षित, वार्ड 10 हनुमान मंदिर अनारक्षित महिला, वार्ड 11 दुर्गा चैक अनुसूचित जाति, वार्ड 12 राधा कृष्ण मंदिर अनारक्षित महिला, वार्ड 13 शिव मंदिर अनारक्षित, वार्ड 14 अम्बेडकर अन्य पिछडा वर्ग महिला, वार्ड 15 अवंतीबाई अनारक्षित वर्ग के आरक्षित हुआ है। यहां होने वाले चुनाव में कुल 3590 मतदाता मतदान करेंगें, जिसमे महिला 1837 एवं पुरूष मतदाता 1753 हैं।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ठाकुरटोला मड़ई 25 को

**सड़क अतरिया।** ग्राम ठाकुरटोला में ग्रामीणों के सहयोग से आगामी 25 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। मंडई में विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा, विक्रांतसिंह, लाल रोहितसिंह पुलस्त्य, अनिलसिंह पुलस्त्य, प्रेमलाल, विजय वर्मा आदि शामिल होंगे। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी जय गंगा मैय्या नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### जस झांकी स्पर्धा 25 से

**सड़क अतरिया।** ग्राम खैरा नवापारा में जस सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से आगामी 25 जनवरी से दो दिवसीय जस सेवा एवं झांकी स्पर्धा का आयोजन रखा गया है। झांकी स्पर्धा में विजेताओं को क्रमशः 5001, 4001, 3001, 2001, 1001, जस गायन पुरूष वर्ग में 4001, 3001, 2001, 1501, 1001 एवं महिला गायन में 3001, 2001, 1501, 1001, 701 रूपए एवं अन्य उपहार दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क वर्गानुसार 201, 151, 101 रूपए निर्धारित है।

### 1100 महिलाएं कलश यात्रा में होंगी शामिल

**छुईखदान।** ज्योतिषाचार्य पं नरेंद्र नयन शास्त्री चाय वाले बाबा की



भागवत कथा नगर में कल 23 जनवरी से आरंभ होगी। आयोजन को लेकर शिष्य मंडल एवं जगन्नाथ सेवा समिति ने व्यापक तैयारियां की है। आयोजक स्वप्निल मुकेश वैष्णव ने बताया कि शोभायात्रा काली मंदिर से आरंभ होकर बाजार लाईन, जयस्तंभ चौक, टिकरीपारा होते हुए कथा स्थल मथुरा निवास पहुंचेगी। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह शिष्यों, समाजों, व्यापारी संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। कलश यात्रा के आगे अंचल की विभिन्न श्रेष्ठ धार्मिक झांकी भी होगी, जिसमें 1100 कृष्ण सखी शामिल होंगी। धुमाल की धुन में थिरकेंगे ठाकुर जी के सेवक और रंग बिरंगी आतिशबाली होगी। इस आयोजन में आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार चाय वाले बाबा जहां भी कथा का वाचन करते है वहां प्राप्त दान समाग्री को विवाह योग्य जरूरतमंद बेटियों को बुलाकर दान कर देते हैं। अब तक वह 332 बेटियों का कन्यादान कर चुके हैं।

### सामाजिक भवन लोकार्पित



**अर्जुनी।** ग्राम बरसनटोला मे विधायक दलेश्वर साहू द्वारा स्वीकृत साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू किया। इस अवसर पर तहसील सचिव धनराज साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक सुंदरलाल साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष डा केडी साहू, सचिव पुरुषोत्तम साहू विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने सामाजिक बदलाव के लिए स्वयं मे बदलाव लाने का आव्हान किया। उन्होंने संस्कारित एवं संगठित समाज के पदाधिकारी होने के नाते सामाजिक समरसता बनाए रखने कहा। धनराज साहू ने कविता के माध्यम से संबोधित करते हुए युवाओ से नशा व मोबाइल से दूर रहने का आव्हान किया। सुंदरलाल साहू व केडी साहू ने भी सामाजिकजनों को संबोधित किया।

### निधन

### चुनुराम वर्मा

**सड़क अतरिया।** झूरानदी



निवासी चुनुराम वर्मा का मंगलवार रात को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। वह कांग्रेस नेता विजय वर्मा के पिता थे। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, मित्र एवं ग्रामीण शामिल हुए।

---

### लेआउट दिखाकर लोगों को कर रहे आकर्षित

# अवैध प्लाटिंग का खेल, फंस रहे लोग जानकारी मिलने पर हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले मे इन दिनों धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है और इस धंधे में शामिल लोग बकायदा पंडाल लगाकर, ब्रोशर छपवाकर बिना नगर निवेश की अनुमति के नक्शा और प्लाटिंग का ले आऊट दिखाकर घर-मकान बनाने लोगों को आकर्षित करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं और उनके बहकावे में आकर दर्जनों लोगों ने मकान-दुकान की रजिस्ट्री तक करा ली है।

नियमानुसार प्लाटिंग के पहले शासन की गाइडलाइन का अनुपालन करना होता है। जिसमें आवाजाही के लिए चौड़ी सड़क, बिजली, पानी, गंदा पानी निकासी के लिए नाली, वाऊटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, गार्डन सहित अन्य मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी होता है, लेकिन देखा जा रहा है कि ब्लाक मुख्यालय में शासन की सारी गाईडलाइन को दरकिनार कर भू माफिया अवैध प्लाटिंग का खेला कर रहे है। राजस्व विभाग की गाइडलाइन अनुसार कोई भूमि स्वामी अपने आधिपत्य या स्वामित्व की एक ही खसरा नंबर वाली जमीन को तीन टुकड़ों मे बेचता है तो उसे कालोनाइजर की श्रेणी मे माना जाएगा और उसके बाद अन्य टुकड़ो को बेचने उसे उक्त जमीन का व्यावसायिक उपयोग के लिए डायवर्सन कराना होगा।

नगर निवेश, नगरीय निकाय, रेरा, अलग अलग अठारह विभागो से अनुमति बाद प्लाटिंग संबंधी समस्त ड्राइंग डिजाइन सहित सभी दस्तावेजो को अंतिम अनुमति के लिए सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। वहॉ से अनुमति बाद सारे विभागीय नियमो व शर्तो का पालन करते हुए प्लाटिंग किया जा सकता है।



#### अवैध प्लाटिंग का दंश झेल रहे विद्या नगरवासी

शहर मे इंद्रलोक सिटी, रश्मिदेवी सिंह कालोनी, वर्या सिटी, श्रीजी विहार मे एक ही रकबे पर प्लाटिंग सारी विभागीय प्रक्रियाओ को पूरा करने के बाद हो पाया है जबकि सालो पहले खेत की जमीन को खरीदकर मकान बनाने वाले विद्यानगर के रहवासी आज पंद्रह सोलह साल बाद भी अवैध प्लाटिंग का दंश मूलभुत सुविधाओ सुगम सडक, नाली निकासी की व्यवस्था और अंधेरा होने के बाद बिजली पोल के प्रकाश से वंचित होकर भुगत रहे है। विद्या नगर मे बने पचास से ज्यादा मकान और वहॉ के रहवासी इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है जो अवैध प्लाटिंग कर जमीन बेचने वाले के अलावा नपा के दर पर सालो से मूलभुत सुविधा की मांग करते भटक रहे है। शिकायत पर रोक लगाना समस्या का निदान नही है बल्कि इस प्रकार के कारनामो को अंजाम देने वालो पर नकेल कसना जरूरी है क्योकि सालो मेहनत मजदूरी कर गाढ़ी कमाई का पाई पाई जोडक़र मकान दुकान की आस मे जमीन खरीदने का सपना पूरा करने वालो के जीवन मे भू माफियाओ की भूमिका दलाली का कमीशन खाने के बाद खत्म हो जाता है लेकिन उसका भुगतान पूरे जीवन मकान मालिक को करना पड़ता है।

#### नियमानुसार कार्रवाई

अवैध प्लाटिंग के मामले मे शिकायत मिलने पर नियमानुसार कारवाई करने के साथ साथ बिजली, पानी देने वाले विभाग को भी सख्त हिदायत दी गई है कि ऐसी चिंहांकित जगहो पर सुविधा उपलब्ध ना कराए। - **टंकेश्वर प्रसाद साहू,** एसडीएम

#### शिकायत मिलने पर लगा रहे रोक

प्लाटिंग के संबंध मे नगर निवेश द्वारा जारी विकास अनुज्ञा पत्र मे 37 बिंदुओ की गाइडलाइन रहती है जिसके अनुसार प्लाटिंग करने वाले को चौड़ी सडक़, जल आपूर्ति, मल निकास, बिजली नाली की व्यवस्था, ईडब्ल्यूएस तहत गरीबी रेखा कार्डधारियो के लिए एक निश्चित जमीन का आरक्षण, हर भूखंड मे निर्माण पूर्व नगरीय निकाय से एनओसी जैसी ढेर सारी बंदिशे है लेकिन ब्लाक मुख्यालय मे कतिपय भू माफियाओ द्वारा धड़ल्ले से जमीन बेचने नियमो की अनदेखी की जा रही है। ऐसे ही एक मामले मे कलेक्टर बंगला के आसपास की जमीन बेचने पंडाल तानकर ड्राइंग डिजाईन का मानचित्र दिखाकर सौदा बाद रजिस्ट्री शिकायत होने पर एसडीएम ने जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है। दूसरे मामले मे खम्हरिया खुर्द की संयुक्त खाते वाली जमीन मे प्लाटिंग का सब्जबाग दिखाकर एक ही खसरा नंबर के अलग अलग टुकड़ो से लगातार प्रमाणीकरण का आवेदन आने पर राजस्व विभाग के कान खड़े हुए और पता चला है कि इसमे भी अधिकारियो ने रोक लगा दी है। वही शहर मे किल्लापारा, बल्देवपुर मे भी अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर एसडीएम कार्यालय ने कड़ी कारवाई की है।

---

# गांव के सियान-पुलिस मितान, बीट प्रणाली बेहतर करने का प्रयास

■ पुलिस का नवाचार अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के मार्गदर्शन में थाना स्टाफ द्वारा नवीन नवाचार अभियान शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत गांव के बड़े बुजुर्ग गांव पर होने वाले मामूली विवादो को बीट प्रभारी के साथ मिल बैठकर सुलझाएंगे और गांव मे शांति बहाली का काम करेंगे।

छोटे मोटे विवादों का गांव में ही निपटने से जहां पुलिस और न्यायालय के समय की बचत होगी वही ग्रामीण बेवजह के चक्कर से बच जाएंगे इसके अलावा उनका समय और पैसा भी बचेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, शादी सीजन, रबी फसल, तिलहन बुआई शुरू होने के कारण ग्रामीणों के बीच छोटी-छोटी बातों पर वाद विवाद होता है और तनाव की स्थिति बन जाती है।

एक पक्ष के थाना पहुँचने पर दूसरा पक्ष भी अपने बचाव के लिए थाना पहुँचता है और सामान्य विवाद की घटना के कारण लंबे समय तक कोर्ट कचहरी का चक्कर काटना पड़ता है।

#### अपराधों के निपटान में सहयोग पर होंगे सम्मानित

थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि गॉव स्तर पर यदि पहल किया जाए तो छोटे मोटे कारणों से होने वाले वाद विवाद और लड़ाईयों को गांव में ही बैठकर सुलझाया जा सकता है इससे गांव में ग्रामिणों के मध्य सामाजिक सौहाद्र भी बढ़ेगा। इसी बात को ध्यान रखते हुए थाना क्षेत्र में गांव के सियान पुलिस मितान अभियान प्रारंभ किया गया है इसके अंतर्गत थाना क्षेत्र के प्रत्येक गांव-बीट मे सभ्रांत बुजुर्ग व्यक्तियों सियान को पुलिस के साथ जोड़ा जा रहा है जिनके द्वारा विवादो झगड़ो की सूचना थाना खासकर संबंधित बीट इंचार्ज को दी जाएगी और उनके साथ सभी मिलकर मामले का निपटारा करेंगे। यदि कभी गांव में गंभीर घटना होती है तो पुलिस को सूचना देंगे और बल के पहुचने के पहले पुलिस मितान द्वारा स्थिति को नियंत्रण रखने का प्रयास किया जाएगा। थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि अभियान में प्रत्येक गांव से निर्विवाद व्यक्तियों को जोड़कर हर महीने थाना प्रभारी द्वारा मीटिंग लिया जाएगा और इस अभियान से जुड़े सदस्यों द्वारा किसी अपराधी को पकड़वाने या किसी गंभीर अपराध को रोकने में सहायता करते है तो उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम कल

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को अपने कार्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए है।

### शपथ ग्रहण में हुए शामिल

**खैरागढ़।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल



होकर संगीत नगरी के लाल ने शहर का नाम रोशन किया। भारतीय होम्योपैथिक चिकित्सा के जानकार व आरोग्य सुपर स्पेशियलिटी माडर्न होम्योपैथिक क्लिनिक इंदौर के संचालक डा. अर्पित चोपड़ा जैन को अमेरिका के मल्टीकल्चरल कोएलिशन यूएस प्रेसिडेंशियल इनागुरल वाल मे आयोजित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह मे ससम्मान आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम वाशिंगटन डीसी के वाशिंगटन टाइम्स बिल्डिंग के अर्बर वालरूम में हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में दुनिया भर से विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित अतिथियों को आमंत्रित किया गया। समारोह सांस्कृतिक महोत्सव की तरह रहा जहां खास डिनर, लाइव एंटरटेनमेंट और वैश्विक गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद का अवसर भी मिला। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता गुलाब चोपड़ा और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीरा चोपड़ा के बड़े सुपुत्र डा. अर्पित चोपड़ा जैन को चिकित्सा क्षेत्र में 20 सालो का गहरा अनुभव है और जिन्होंने होम्योपैथी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। डा. जैन ने रक्त विकारों जैसे अप्लास्टिक एनीमिया और सिकल सेल एनीमिया के इलाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मल्टीकल्चरल कोएलिशन इनागुरल बाल कमेटी के अध्यक्ष डा. जेमार्क बंर्स ने कहा कि डा. जैन की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया है। डा. जैन को मिला निमंत्रण न केवल भारतीय चिकित्सा प्रणाली, विशेषकर होम्योपैथी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

---

# नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी शोभायात्रा

वर्षों के इंतजार के बाद बीते साल अध्योया के राम मंदिर का निर्माण कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरे होने पर नगरवासियों ने भव्य शोभायात्रा निकाला। यह आयोजन नगर के युवाओ सहित अन्य ने किया था। श्री राम मंदिर पंडरिया वार्ड 4 से वाहन को सजाकर राम सीता और लक्ष्मण के चित्र और डीजे के साथ शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में नगर के बच्चे राम सीता का रूप धारणकर शामिल हुए। शोभायात्रा मेन चौक से होते हुए माँ गंगई मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। अंत में भक्तों को पुराने बस स्टैंड में प्रसादी वितरण किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



### प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर विविध आयोजन

**उदयपुर।** अयोध्या के श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की



प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर ग्रामवासियों एवं प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में विविध आयोजन किए गए। सुबह कलश यात्रा निकाला गया। ग्राम में स्थापित 65 फीट ऊंचे स्तंभ में भगवा ध्वज का अनावरण किया गया। शाम छह बजे तक तीन अलग-अलग मंडलियों ने संगीतमय रामायण की प्रस्तुति दी।

### पीएम उषा योजना अंतर्गत कार्यक्रम

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में पीएम उषा योजना अंतर्गत अंतिम दिन बालिका लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पास्को एक्ट की जानकारी सेवानिवृत्त सेना के अधिकारी अशोक पांडे ने दी। प्रारंभ में श्री पांडे तथा प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। स्वागत के बाद प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं की वैधानिक अधिनियम की जानकारी दी जा रही है, जिसे अपने सीमित रखने के बजाए अन्य को बताकर जागरूक करें। मुख्य वक्ता श्री पांडे ने बताया कि अवयस्क बालिका के लैंगिक उत्पीडन की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए पास्को अधिनियम बनाया गया है। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के बने कानून का पालन करना नागरिकों का कर्तव्य है। उन्होंने टोनही प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, बाल विवाह निषेध, गुजारा भत्ता अधिनियम आदि की जानकारी दी। अंत में श्री पांडे को सम्मानित किया गया। अंतिम दिन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में पीएम उषा योजना के संयोजक डॉ. आरआर कोचे ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं अधिक शिक्षित तथा जागरूक है। संचालन सहायक प्राध्यापक नीलम चतुर्वेदानी एवं धन्यवाद ज्ञापन ओपी वर्मा ने किया।

---

# जमीन हड़पने मुख्तयारनामा की जगह कराई रजिस्ट्री, मामला फत्तेपुर का

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ आवेदक ने थाने में की शिकायत

■ घर का काम पैसे के आभाव में बंद

जिले मे एक ओर जहॉ अवैध प्लाटिंग की बाढ़ आ गई है वही मुख्तयारनामा के नाम पर सीधे जमीन की रजिस्ट्री कराने की शिकायत भी मिल रही है।

फत्तेपुर निवासी 63 साल के बुजुर्ग राजूलाल बांधे ने थाने मे आवेदन देकर बताया कि बच्चो के भविष्य और कारोबार को देखते हुए उसने अपनी निजी स्वामित्व की खसरा नंबर 269/1, रकबा 1.46 डिसमिल, 0.5910 जमीन हेक्टेयर राजनांदगॉव अनुपम नगर निवासी सुभाष पिता बीएल श्रीवास्तव के पास एक करोड़ दस लाख रूपयो मे बेचने का सौदा कर जमीन रजिस्ट्री की मियाद दिनांक 27 जून 25 तक शेष रकम देने की शर्त पर पक्के सौदे का इकरारनामा संपादित कराया हूॅ। संबंध मे जमीन खरीददार ने अधिवक्ता के मार्फत आम सूचना का प्रकाशन भी कराया। बयाना रकम मिलने पर उसने पुराने पुश्तैनी मकान को नए सिरे से निर्माण कराने की मंशा से काम चालू कराया लेकिन बीच मे राशि कम पड़ गई तो वो जमीन खरीददार के पास अतिरिक्त राशि मांगने गया लेकिन रजिस्ट्री तारीख को ही शेष पूरा रकम देने की बात पर वापस लौट गया इसके चलते घर का काम पैसो के अभाव मे पूरी तरह से बंद हो गया।

#### रजिस्ट्री आफिस स्टाफ पर लगाया आरोप

राजूलाल बांधे ने बताया कि इस बीच खुद को ब्याज मे पैसे देने का काम करने वाले राजनांदगॉव सहदेव नगर निवासी प्रणय गुप्ता ने उससे संपर्क किया और कहा कि खेती किसानी के काम मे पैसो की जरूरत पड़े तो संपर्क करना। कुछ दिन बाद घर का काम चालू कराने आठ लाख रूपयो की हाल जरूरत बताने पर वह जमीन का मुख्तयारनामा लिखकर देने की बात पर पैसे देने राजी हो गया। 10 दिसंबर को मुख्तयारनामा की लिखा पढ़ी कराने मुझे और मेरे बेटे अभिषेक बांधे को लेकर अपनी चारपहिया वाहन से खैरागढ़ लेकर आया और संगीत विवि रोड के पास हम दोनो को गाड़ी मे बिठाकर जमीन का कागजात लेकर अर्जीनवीस के पास गया। एक डेढ़ घंटे बाद वापस आया और हम लोगो को कागजात को पढ़ाए बिना दस्तखत कराकर वापस ले गया। उसके कुछ देर बाद सिविल लाईन पंजीयक आफिस ले गया जहॉ मौजूद स्टाफ और कार्यालय प्रमुख ने भी हमसे जमीन खरीदी बिक्री संबंधी कोई सवाल नही किया और डिजीटल हस्ताक्षर कराकर वापस भेज दिया।

#### पहले से 420 का मामला दर्ज है प्रणय के खिलाफ

राजूलाल बांधे ने बताया कि उसके बेटे अभिषेक बांधे ने प्रणय गुप्ता से लिखा पढ़ी संबंधी कागजात मांगा लेकिन दो दिन बाद देने उसने जो कागज दिया उसमे जमीन की रजिस्ट्री दिख रही थी। घबराए बाप बेटे ने तुरंत प्रणय गुपता के बैंक खाते मे पैसा डाला और जमीन वापस मांगा लेकिन प्रणय मुकर गया। अपने साथ ठगी की बात को लेकर राजूलाल बांधे ने सौंपे शिकायत पत्र मे कहा है कि प्रणय पिता राजाराम गुप्ता ने पंजीयक कार्यालय मे पदस्थ अधिकारियो, स्टाफ के साथ मिलकर मुख्तयारनामा का कागजात बनाने के नाम पर उसकी निजी जमीन को हड़पने का षडय़ंत्र करते हुए रजिस्ट्री करा ली है और अब जमीन का प्रमाणीकरण कराने मे लगा हुआ है जबकि उक्त जमीन को बेचने उसने पहले ही सौदा कर बयाना रकम ले ली है। उसने बताया कि जमीन पहले से बैंक मे केसीसी लोन के चलते बंधक है उसके बावजूद प्रणय गुप्ता ने जालसाजी करते हुए जमीन अपने नाम करा ली है। पता चला है कि प्रणय गुप्ता के खिलाफ ठेलकाडीह थाने मे 1 फरवरी को इसी तरह का षडय़ंत्र रचकर जमीन हड़पने के चलते धारा 420 के तहत पहले से अपराध पंजीबद्ध है।

**बेचना है**

1. डोंगरगढ़ जैन तीर्थ स्थल के पास 2175 Sq.f. एवं 50 डिसमिल फ्रंट 150
2. सुकुलदैहान चंडी मंदिर के पास 60 डिसमिल फ्रंट 215
3. NH मलाईडबरी से 3km डामर रोड में 35 डिसमिल, फ्रंट 140 जंगल व्यू लोकेशन
4. मुदलियार कॉलोनी दुर्गा मंदिर के सामने डबल रोड में 1843 Sq.f.

- संपर्क करें -
Mo. 7974250186, 8234888880

---

### गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल दामले के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी के निर्देशन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रचार-प्रसार किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विस्तार से चर्चा करते संजय सप्तर्षि ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस शिक्षा नीति के उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सकल अनुपात दर को बढ़ाना, मल्टीपल एंट्री और एग्जिट द्वारा शिक्षा को सरल एवं सुगम बनाना, साथ ही किसी भी विषय का विद्यार्थी कोई भी विषय लेकर पढ़ सकता है, जैसे मानविकी, कला या समाज विज्ञान विषय से संबंधित विद्यार्थी अपने रुचि के अनुरूप विज्ञान या वाणिज्य के विषय का चयन कर सकता है, उसी तरह विज्ञान या वाणिज्य का विद्यार्थी कला साहित्य के विषयों में भी निपुण हो सकता है।




इस शिक्षा नीति का सबसे ज्यादा जोर कौशल विकास एवं मूल्य वर्धित शिक्षा पर है, क्योंकि विद्यार्थी कौशल विकास से स्वरोजगार के अवसर ढूंढ सकता है और मूल्यवर्धित शिक्षा से मानवीय मूल्यों को समझ सकता है। उन्होंने बताया कि जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर आधारित यह पाठ्यक्रम लागू हो चुका है तथा 12वीं पास कोई भी विद्यार्थी मेरिट के आधार पर प्रवेश ले सकता है। उक्त अवसर पर प्राचार्य योगश द्वीवेदी का आभार व्यक्त करते उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह डॉ. अमिता बक्शी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग से दीपक कुमार एवं एमए के विद्यार्थी के साथ-साथ विद्यालय के 12वीं कक्षा के बहुत से विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्काउट-गाइड्स शिविर का गरिमामय समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला आयुक्त स्काउट लालजी द्विवेदी, बीईओ रमेन्द्र डडसेना, केके वर्मा, धनुष सिन्हा, ब्लाक सचिव पोर्णिमा नेताम के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड्स द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन सेजेस साल्हेवारा में किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन कैम्प फायर शिविर में एबीईओ गिरेंद्र सुधाकर, जयंत शर्मा ने मोमबत्ती प्रज्जवलित कर शिविर ज्वाल एवं गीत के साथ शुभारम्भ किया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दूसरे दिन स्काउट ट्रेनरो ने बारी-बारी से बच्चों का क्लास लिया। टेस्ट के बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तीसरे दिन सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। समापन मौके पर बीईओ ने प्राचार्यो, संकुल समन्वयको, स्काउट सचिव एवं सभी ट्रेनरो को सम्मानित किया। इस मौके पर बहादुरसिंह खुशरो, विनीतदास, दशरथ पटेल, भगवानी धुर्वे, बलराम कोमरे, तुकाराम वर्मा, उमाशंकर, शत्रुहन साहू, दयाल धुर्वे, गिरधारी वर्मा, मनोज मरकाम, शिवकुमार खुशरो, परमेश्वर कौशिक, धनीराम डडसेना, नीरज कंवर, गगन अग्रवाल, सरपंच संतोष आदि मौजूद थे।

### आम सूचना

मै गजाला निशा अधिवक्ता निम्नानुसार आम सूचना प्रेषित कर रही हूँ। मेरे पक्षकार ढालसिंग हलबा पिता रोहीदास हलबा निवासी ग्राम सम्बलपुर तहसील मानपुर जिला अम्बागढ़ चौकी मोहला मानपुर का निवासी है। आप श्रीमती श्रीमती कुसुन उर्फ कसुन बाई मेरे पक्षकारा की पत्नि रही है। दोनों के मध्य शारीरिक सम्पर्क से दो पुत्री कुमारी मलेश्वरी एवं कुमारी हेमलता का जन्म हुआ था जिसके उपरांत आप वाद विवाद कर मेरे पक्षकार के घर से निकल गयी और खर्च के लिए न्यायालय में दावा प्रस्तुत की थी। जहा से 1400/- रु. प्रतिमाह परवरिश राशि देना निर्धारित हुआ था। जिसमें मेरे पक्षकार और आपके मध्य परवरिश न्यायालय के समक्ष तय हुआ था कि परवरिश राशि पेटे आपको मेरा पक्षकार 2 एकड़ कृषि भूमि प्रदान कर रहा है जिससे आप एवं बच्चों का जीवन यापन करेगी। इसी शर्त पर ग्राम सम्बलपुर स्थित कृषि भूमि ख.न. 41 रकबा 2.55 एकड़ में से 2 एकड़ भूमि परवरिश पेटे प्रदान किया गया था जिसका वर्तमान ख.न. 41/2 रकबा 2 एकड़ आपके नाम पर दर्ज है। जिसे आपको विक्रय करने का कोई कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं है फिर भी आप दूसरे व्यक्ति के माया जाल में फंसकर उक्त भूमि के विक्रय की फिराक में लगी हुई है। जो पूर्णत गैर कानूनी है। इस नोटिस के माध्यम से आपको एवं समस्त छत्तीसगढ़ निवासीगण को सूचित किया जाता है। उक्त भूमि विवादित एवं मेरे पक्षकार की सम्पत्ति होने से जो भी क्रय करेगा वह कानूनी मामले मुकदमे में उलझने के लिए तैयार रहेगा एवं होने वाले समस्त कानूनी मुकदमों एवं खर्च की जवाबदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। मेरा पक्षकार उक्त भूमि को वापस प्राप्त करने हेतु सिविल दावा सक्षम न्यायालय में पेश कर रहा है।

इतनी इतिला काफी जाने।

दिनांक 16.01.2025

प्रेषक
**गजाला निशा** (अधिवक्ता)
नर्मदा, जिला- के.सी.जी. (छ.ग.)

## सार समाचार

### खिलाड़ियों ने जीता मेडल



**राजनांदगांव।** एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के माध्यम से राज्य स्तरीय ओपन कराते दो दिवसीय प्रतियोगिता 18 व 19 जनवरी को कमलादेवी कॉलेज राजनांदगांव में आयोजित की गई। जिसमें सभी जिले के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया व राजनांदगांव कमल कराते एकेडमी ममता नगर कराते स्कूल राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लेकर अपने-अपने वर्ग में मेडल प्राप्त किया।

### भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक मंगलवार को संघ कार्यालय पटेलपारा में दोपहर 2 बजे आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष माधव सिंह, संगठन मंत्री तुलाराम एवं कोषाध्यक्ष की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी की गठन किया गया। जिसमें जीवन कॉलोनी निवासी शैलेंद्र सिंह को अध्यक्ष एवं ईश्वरचंद्र श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष, टुकेश्वर साहू को मंत्री, ईश्वर साहू युवा प्रमुख सहित कुंती साहू, रोहित साहू, राय सिंह वर्मा, यशवंत साहू, छबिलाल यादव, पद्मभूषण साहू, अशोक देवांगन को अन्य पदों पर दायित्व सौंपा गया।

### पुण्यतिथि पर अर्पित किया श्रद्धासुमन



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव श्री वैष्णव मंडल के नेतृत्व में राजा दानवीर महंत दिग्विजय दास की पुण्यतिथि पर दिग्विजय कॉलेज पहुंचकर राजा दिग्विजय दास अमर रहे, जब तक सूरज-चांद रहेगा राजा तेरा नाम अमर रहेगा, आदि नारों के साथ राजा दिग्विजय दास की प्रतिमा एवं शीतला मंदिर में मंहतो की समाधि पर पूजा- अर्चना एवं माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। साथ ही उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजनांदगांव श्री वैष्णव मंडल के अध्यक्ष अनुपदास वैष्णव, प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी, उपमंडलेश्वर जागेश्वदास वैष्णव, संरक्षक मेघदास वैष्णव एवं जिला वैष्णव नवयुवक अध्यक्ष विवेक वैष्णव सहित अन्य वैष्णव समाज के कार्यकर्तागण उपस्थित थे। यह जानकारी उप मंडलेश्वर जागेश्वरदास वैष्णव ने दी।

### सत्ता के संरक्षण में हो रहा अवैध शराब का कारोबार



**राजनांदगांव।** कांग्रेस नेता जितेन्द्र मुदलियार ने जारी बयान में आरोप लगाया है कि प्रशासन और सत्ता के संरक्षण में जिले में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। 350 रुपए प्रति पेटी पर सरकारी दुकानों से पुलिस के प्रश्रय में कोचियों को घर तक पहुंचाकर शराब उपलब्ध करवाई जा रही है। इस काले कारोबार में प्लेसमेंट और पुलिस की सांठगांठ लाखों की शराब इधर से उधर की जा रही है। खानापूर्ति के लिए पुलिस कम मात्रा में शराब पकड़ने की कार्रवाई के नाम पर दिखावा कर रही है। दूसरी ओर भाजपा नेताओं की जगहों पर सरकारी शराब दुकानें खोली जा रही है। ये सारा कुछ सत्ता और प्रशासन के मिलेजुले समीकरण से भाजपा नेताओं को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। मुदलियार ने कहा कि विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा था कि राजनांदगांव में कोचिया प्रजाति का खात्मा हो जाएगा, लेकिन अब जो स्थिति है, उससे स्पष्ट है कि उनके अप्रत्यक्ष समर्थन के साथ शहर में अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है।

इसके साथ ही उनकी ही पार्टी के नेता भी शराब के कारोबार से जुड़कर लाभ अर्जित करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी अपने समर्थकों की इस तरह की क़वायदों पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि भाजपाई इस हद तक शराब के धंधे में लिप्त हैं कि उनके ही वरिष्ठ नेताओं को मंच से संस्कारधानी के संस्कारों की दुहाई देनी पड़ रही है। इसके बाद भी सत्ता पक्ष की भूख कम नहीं हो रही है. न ही उन्हें अपने नेताओं की हिदायतों की चिंता है। प्रशासन की भूमिका पर उन्होंने कहा कि प्लेसेमेन्ट एजेंसी के कर्मचारी और अधिकारियों की मिलीभगत से ही अवैध शराब कारोबार की चेन को मजबूत किया गया है। आबकारी सहायक आयुक्त से जो प्रश्रय मिल रहा है और जो हालात बन रहे हैं, उसके लिए जिला प्रशासन के जिम्मेदार भी दोषी हैं। मुदलियार ने कहा कि शहर के चारों ओर शराब की नदियां बह रही है। मोहारा शराब दुकान भी किसी भाजपा नेता की जगह पर शिफ्ट किए जाने की तैयारी हो रही है।

शहर सहित ग्रामीण वार्डों में संपत्ति विरूपण के तहत कार्रवाई

# निगम की टीम ने हटाए 57 बैनर-पोस्टर व 35 दीवार लेखन मिटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 चुनाव के लिए जारी कार्यक्रम पश्चात नगर निगम का अमला संपत्ति विरूपण के तहत बैनर-पोस्टर हटाने एवं दीवार लेखन मिटाने की कार्रवाई लगातार कर रही है। कार्रवाई की कड़ी में बुधवार को शहर के अंदर वार्ड के अलावा ग्रामीण वार्डों में जाकर टीम ने 57 बैनर-पोस्टर हटा व 35 दीवार लेखन मिटाए।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि गठित समिति नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार-प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवारों पर नारे (स्लोगन) प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किए गए संपत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने-मिटाने से संबंधित कार्यों का निष्पादन करने तथा प्रतिदिन की गई कार्रवाई की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर रहे हैं।







#### आचार संहिता लगते ही कार्रवाई शुरू

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लगते ही निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत तीसरे दिन सुबह से शहर के आंतरिक क्षेत्र गुरूद्वारा रोड, जमातपारा, सोनारपारा, दिग्विजय कॉलेज रोड, ब्राम्हण पारा तथा गंज लाइन व कालोनी क्षेत्र में पूनम कालोनी सहित ग्रामीण वार्ड नवागांव, ढाबा, मोतीपुर में राजनीतिक दलों द्वारा लगाए गए छोटे-बड़े बैनर-पोस्टर हटाने की कड़ी में टीम ने 57 बोर्ड हटाए एवं 35 दीवार लेखन मिटाने की कार्रवाई की गई।

## परियोजना संरचना विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा 20 जनवरी को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता बक्शी के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके ऊके के निर्देशन में परियोजना संरचना विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शासकीय धमधा महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. जीडीएस बग्गा ने एम.कॉम पूर्व एवं एम.कॉम अंतिम तथा बी.कॉम छठवें सेमेस्टर के पाठयक्रमनुसार जो परियोजना प्रतिवेदन बनाया जाना हैख उसके विषय में संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई । परियोजना संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी जैसे विषय का चुनाव, उद्देश्य, शोध प्रविधि, शोध विषय वस्तु, शोध परिकल्पना, शोध परिकल्पना का परीक्षण आदि महत्वपूर्ण जानकारी सभी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रागिनी पराते द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. एससी जैन द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रो. स्वयं सिद्धा झा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. सूरज पटेल एवं डॉ. देहूति बंछोर उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा पर आधारित निबंध स्पर्धा में शामिल हुए स्कूली छात्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित निबंध स्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के 84 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निबंध का विषय बढ़ते सड़क हादसों के कारण और निदान था।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बाइसवें दिन पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में र.नि. अरविंद साहू, निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम की उपस्थिति में यातायात कार्यालय में सुबह 10 से 1 बजे तक ''निबंध प्रतियोगिता'' विषय ''बढ़ते सड़क हादसों के कारण और निदान'' का आयोजन किया गया।

#### रंगोली स्पर्धा आज

शहर के सरस्वती विद्या मंदिर, रॉयल किड्स कॉन्वेंट, गायत्री विद्यापीठ, एकलव्य स्कूल पेंड्री, गुजराती स्कूल, अजीज पब्लिक स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के 84 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। निर्णायक की भूमिका में श्रीमती कीर्ति चोपड़ा, नारायण बघेल, ठाकुर एवं श्रीमती सन्मय श्रीवास्तव, एकता जंघेल, पुष्पराज सिंह, हितेश गुप्ता, ज्योति निर्मलकर, मीना निनावे, सीमा मिश्रा, रीतेश देवांगन द्वारा अपना कीमती समय देकर यातायात एवं पुलिस विभाग को विशेष सहयोग प्रदान किए हैं। 23 जनवरी को जनसामान्य द्वारा ''सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर आधारित'' विषयों पर ''रंगोली प्रतियोगिता'' सुबह 10 से 1 बजे यातायात कार्यालय में आयोजित की गई है।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट वेन से स्वास्थ परीक्षण को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगरवासियों को निःशुल्क ईलाज की सुविधा मुहैया कराने राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना प्रारंभ की गई। जिसमें मोबाइल यूनिट वेन द्वारा श्रमिक बहुल्य क्षेत्रों में जाकर निःशुल्क बीमारियों की जांच की जाती है। राजनांदगांव में 5 मोबाइल यूनिट वेन के माध्यम से श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं वार्डों में प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया जा रहा है।

एमएमयू के प्रोजेक्ट मैनेजर वागीश तिवारी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में एमएमयू में कुल 41 प्रकार के लैब टेस्ट उपलब्ध है। जिसमें से 29 प्रकार के लैब टेस्ट तत्काल किए जाते हैं तथा 12 प्रकार के टेस्ट जैसे थाईराईड, बी12, एचबी 1 एसी आदि टेस्ट आउटसोर्स के माध्यम से किया जाता है। जिसका सैम्पल एमएमयू में लिया जाता है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स टेस्ट का रिपोर्ट आने में 3 से 5 दिन का समय लगता है, जो मरीज को उनके मोबाइल नंबर पर एमएमयू की टीम द्वारा उपलब्ध करा दी जाती है। उसके आधार पर आगे की ईलाज किया जाता है। इसके अलावा 160 प्रकार की दवा एमएमयू में उपलब्ध रहती है, जिसे मरीज के बीमारी के आधार पर दिया जाता है।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा समय-समय पर मेडिकल मोबाइल यूनिट का निरीक्षण कर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जाता है। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण कराने वाले लोगों से चिकित्सा एवं टेस्ट के संबंध में जानकारी ली जाती है। किसी भी प्रकार की कमी या शिकायत के संबंध में एमएमयू के प्रभारी से चर्चा कर निराकरण किया जाता है। इसके अलावा स्वास्थ्य लाभ लेने वाले मरीजों से फीडबैक भी लिया जाता है।

क्लब चौक बसंतपुर निवासी 62 वर्षीय सर्वजीत कौर ने एमएमयू के संबंध में कहा कि वह 3-4 वर्ष से इस योजना का लाभ उठा रही है। पहले उसे बीपी-शुगर के अलावा सर्दी, खांसी व बुखार होने पर ईलाज के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ता था। जिससे आर्थिक परेशानी होती थी, लेकिन जब से मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुविधा मोहल्ले में मिली है, तब से प्रत्येक सप्ताह घर के पास सभी प्रकार की बीमारियों का ईलाज एवं मुफ्त में दवा मिल जाती है।

64 केशवराम निषाद जो हल्दी निवासी है, ने कहा कि मोहल्ले में ईलाज करने गाड़ी आने से मुझे बहुत सुविधा मिली। वह अपने शुगर बीमारी की जांच एवं दवा के लिए दूर अस्पताल जाना पडता था। जिससे समय व पैसा दोनों लगता था, लेकिन घर के पास ईलाज गाड़ी आने से अब उसे शुगर जांच कराने तथा दवा लेने में सुविधा मिली। यहां बिना पैसे के शुगर के साथ-साथ हाथ व पैर दर्द, कमजोरी की दवा भी मिल जाती है।

### लिखित चयन परीक्षा आज

**राजनांदगांव।** आदिम जाति व अनुसूचित जाति विद्यार्थी पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु लिखित चयन परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में किया गया है।

लिखित चयन परीक्षा में शामिल होने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी संबंधित जिला एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर सकते है एवं आवेदन पत्र अध्ययनरत शाला में 14 फरवरी तक जमा कर सकते हैं।

नए ब्रांच में सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की सुविधा उपलब्ध

## एएन ऑटोमोबाइल्स ने अपनी सुविधाओं में किया विस्तार, खोला नया शोरुम

\- बिजनेश प्लस -



**राजनांदगांव।** बुल इंडिया कंस्ट्रक्शन एक्विमेंट के अधिकृत डीलर एएन ऑटोमोबाइल्स ने मोहारा रोड राजनांदगांव में अपने नए ब्रांच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर धार्मिक पूजा अनुष्ठान के बाद फीता काटकर शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया।

महिंद्रा फाइनेंस की टीम और ग्राहकों ने इस नए शोरूम की सराहना की। इस विशेष कार्यक्रम में महिंद्रा फाइनेंस के स्टेट हेड अमरेंद्र मिश्रा, महिंद्रा फाइनेंस के क्रेडिट हेड शंकर राव, एबीएम प्रतेश राय, बुल इंडिया के टेरिटरी मैनेजर कपिल देव, बुल इंडिया के सर्विस इंजीनियर वैभव और एएन ऑटोमोबाइल्स के संचालक अनुराग सेन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। एएन ऑटोमोबाइल्स के संचालक अनुराग सेन ने बताया कि यह कंस्ट्रक्शन एक्विपमेंट का शोरूम है, जिसे ग्राहकों तक अपनी पहुंच को बढ़ाने के उद्देश्य से खोला गया है।

इस नए ब्रांच में सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे ग्राहकों को अधिक सुविधाएं मिलेगी।

**बेचना है**

1 : डोंगरगढ़ जैन तीर्थ स्थल के पास 2175 S/F एवं 50 डिसमिल फ्रंट 150

2 : सुकुलदैहान बाजार चौक में मकान एवं चण्डी मंदिर के पास 60 डिसमिल फ्रंट 215

3 : NH मलाईडबरी से 3KM डामर रोड में 35डिसमिल, फ्रंट 140 जंगल व्यू लोकेशन

4 : मुदलियार कॉलोनी दुर्गा मंदिर के सामने डबल रोड में 1843 S/F

7974250186
8234888880

## श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस पर रहा उत्साह



- विभिन्न मंदिरों में हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस की वर्षगांठ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह ही शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुआ। मंदिरों की खास साज-सज्जा की गई। वहीं शहर के कई क्षेत्रों से वार्ड के लोगों ने ध्वज पताके के साथ छोटी-छोटी शोभायात्रा भी निकाली।

22 जनवरी वर्ष 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। श्रद्धालुओं ने इस दिन को तिथि के साथ भी मनाया था। वहीं कैलेंडर के अनुसार 22 जनवरी के अवसर पर एक बार फिर भगवान श्रीराम मंदिर की स्थापना दिवस का उत्साह मनाने श्रद्धालुओं ने विभिन्न आयोजन किए।

#### प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित

शहर के हनुमान मंदिरों में सुबह से भगवान श्रीराम के भजन गूंजते रहे। भगत सिंह चौक स्थित मंदिर से लेकर अन्य मंदिरों में प्रसादी वितरण का आयोजन भी किया गया।

#### घरों में राम मंदिर का कटाउट व फहरा ध्वज

भगवान श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस के उत्साह को लेकर शहर में एक दिन पहले ही विभिन्न चौक-चौराहों में धार्मिक झंडों की बिक्री शुरू हो गई थी। लोगों ने अपने घरों में भगवान राम लला का कटआउट और राम मंदिर बने हुए ध्वज लगाया।

## चिकित्सा शिविर, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



सीतागांव भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने मिचगांव ग्राम में एक विशेष शिविर का आयोजन किया। विवेक कुमार पाण्डेय कमांडेंट 27वीं बटालियन आईटीबीपी के मार्गदर्शन में सीतागांव में स्थापित वाहिनी चिकित्सालय के तत्वावधान में ग्रामवासियों के लिए इस विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

आईटीबीपी के चिकित्सा अधिकारी द्वारा शिविर में ग्रामीणों की चिकित्सा जांच व प्राथमिक उपचार कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर में गांव के अधिकतम ग्रामीण और उनके परिवारजन लाभान्वित हुए। डॉ. विरेन्द्र कुमार चिकित्सा अधिकारी एवं आईटीबीपी सीतागांव के पदाधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों की निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर में लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता हेतु लोगों को संबोधित किया। कमांडेंट 27वीं बटालियन द्वारा स्वच्छता जागरूकता के बारे में भी ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। उन्होंने नशामुक्ति अभियान की जानकारी देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु ग्रामवासियों का आह्वान किया। साथ ही बच्चों में पोषण एवं संपूर्ण खुराक हेतु ग्रामीण महिलाओं से चर्चा की गई। आंगनबाड़ी के पोषण केंद्र में बच्चों से मुलाकात भी की। इस अवसर पर मिचगांव के पटेल, सरपंच और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। 27वीं बटालियन आईटीबीपी के सीतागांव में स्थापित चिकित्सालय में लोगों का निःशुल्क इलाज जारी है। माह अप्रैल से अभी तक 1200 से ज्यादा ग्रामवासियों का चिकित्सा उपचार किया गया है। जिसमें क्षेत्र के लगभग 24 गांव के ग्रामवासी लाभान्वित हुए हैं। एक समय था कि ये सभी गांव नक्सल आतंक से ग्रसित थे, जो अब सुरक्षित माहौल में विकास की ओर बढ़ चले हैं। आईटीबीपी द्वारा क्षेत्र में पूर्व में भी कई अवसरों पर सीएपी के अंतर्गत वाहिनी के कार्य क्षेत्र में स्थानीय जनता को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती रही है एवं इलाके की आम जनता को आवश्यक सामान जैसे कृषि यंत्र, सिलाई मशीन, वाटर फिल्टर, खेल सामग्री तथा बच्चों की पठन-पाठन की सामग्रियों आदि का वितरण किया जाता रहा है।



### समस्या: मरम्मत कार्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों में भारी असंतोष

# कच्ची सड़क से उड़ रहे धूल, मरम्मत के अभाव में राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बरबसपुर व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों तथा राहगीरों को आज पर्यन्त तक बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदार ठेकेदारों की भारी अनदेखी व अनियमितता का खामियाजा ग्रामीणों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकवा शिकायत के बाद भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि वे जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस कच्ची सड़क की सुधार व मरम्मत नही होने से ग्रामीणों व राहगीरो को धूल-गुब्बारे उठने से आवाजाही बाधित व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर लोगों को विभिन्न प्रकार की बुनियादी सुविधा के आभाव में कच्ची सड़क की सुधार तथा मरम्मत कार्य जो कि 35 वर्षो से नही होने से ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है वहीं लोगों को आने-जाने में सुविधा नहीं मिल रहे हैं साथ ही साथ एक पंचायत से दूसरे पंचायत तक पक्की सड़क का इंतजार कर रहे हैं। जिससे ग्राम बीजाझोरी से बरबसपुर, डबराभाट से बरबसपुर, दौजरी से डबराभाट, नाऊडीह से घुकसा व नाऊडीह से बीजाझोरी तथा सारंगपुर खुर्द से पीएम मार्ग बाझीमौहा तथा सारंगपुर खुर्द से जमुनिया मार्ग में धूल-गुब्बारे उड़ने से व कच्ची सड़क की सुधार कार्य नही होने से आज पर्यन्त तक ग्रामीणो व क्षेत्रवासियों को बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है। वहीं क्षेत्र की विकास व आर्थिक दुर्दशा तथा आने-जाने की सुविधा उपलब्ध नही होने से ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है।

#### जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी



ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में इस मार्ग पर चलना तो दुभर हो जाता है क्योंकि कच्ची सड़क कीचड़ से लतपथ होने से स्कूली छात्र-छात्राओं को मेड़ पार स्कूल से घर व घर से स्कूली आवाजाही करने मजबूर हैं। वही गर्मी के दिनों में इस मार्ग में धूल गुब्बारे उड़ने ग्रामीण व राहगीर परेशान तथा उनके सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ता हैं। जिस पर ग्रामीणों ने जल्द से जल्द कच्ची सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य कराए जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो सकें।

#### शिकवा शिकायत के बाद भी सुधार कार्य को लेकर नही दिखा रहें रूचि

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कच्ची सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य को लेकर जिम्मेदार व जनप्रतिधियों से कई बार शिकवा शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदारों द्वारा कच्ची सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य को लेकर रूचि नही दिखा रहें है।



## बीजाझोरी मे नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

- श्रीमद्भावगत कथा सुनने उमड़ी भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बीजाझोरी में नौ दिवसीय 17 से 25 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें कथा व्यास आचार्य पं श्रीराम लोचन मिश्रा व परायण कर्ता कथा वाचक पं प्रतीक मिश्रा द्वारा आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु व भक्तजनों को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का रसपान कराया जा रहा है।

जिसमें कलश यात्रा वेदी पूजा, बाल चरित्र कृष्ण जन्मोत्सव रासलीला व रुखमणी विवाह में श्रद्धालु व भक्तजन में श्री राधे-राधे श्री कृष्णा की गूंज से क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों श्रीमद् भावगत कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुन्ना, बबला, गुड्डा, राजा, महेंद्र नंद चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।

### खबर संक्षेप

#### मानस का समापन आज

**घुमका।** अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने की ख़ुशी में ग्राम पंचायत बाटगांव के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में नवयुवक मित्र मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 23 और 24 जनवरी को मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन कल 24 जनवरी को होगा।

#### हितग्राही कार्ड का वितरण

**मोहला।** मानपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत ईरागांव में स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। इस मौके पर हितग्राहियों को कार्ड वितरित किया गया। यह कार्यक्रम मदन साहू पूर्व जिला अध्यक्ष के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

## क्षेत्र में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना

- नगर भ्रमण कर क्षेत्र में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा।


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखण्ड पंडरिया ग्राम कोलेगांव, बसनी, भगतपुर, घोरपेण्ड्री, खैलटुकरी, रेहुटा, सुरजपुरा, धनेली, पीपरमाटी, अमली-मलगी, कुआं-मलगी, कंझेटा, मोहतरा व कुण्डा एवं दामापुर क्षेत्र में श्रीराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं द्वारा भव्य शोभा यात्रा में नगर भ्रमण कर रैली निकाली गई। साथ ही साथ श्रीराम चरित मानस प्रवचन कराया गया वहीं जगह-जगह श्रीराम जन्मोत्सव को ग्रामीणों व भक्तजनों में भारी उत्सव बना हुआ है तथा विधि-विधान से प्रभु श्री रामचंद्र का पूजा पाठ एवं श्रीराम-जानकी की पालकी सजाया गया वहीं गांव की चौंक चौराहों व नगर भ्रमण किया गया, जिसमें क्षेत्र के भक्तजनों ने श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

## भाजपा ने ओम यदु को दिया जिला पंचायत क्षेत्र क्र.3 का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की तिथि की घोषणा कर दी है, चुनाव की तिथि तय होते ही राजनीतिक पार्टियों में उठा-पटक चालू हो चुका है। वहीं पार्टियां हर संभव अपना उम्मीदवार को विजयी दिलाने कमर कस रही है, देश की सबसे बड़े पार्टी भाजपा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत चुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर रही है। इसी कड़ी में जिला भाजपा कबीरधाम ने जिले के 14 जिला पंचायत क्षेत्रों में सदस्य चुनाव हेतु 14 प्रभारी नियुक्त की है, जिसमें प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आदेशानुसार सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय, विधायक पंडरिया भावना बोहरा के सहमति जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 03 के लिए जिला मंत्री भाजपा ओम यदु को प्रभार सौंपा है। श्री यदु को कुण्डा ने जिले को 3 अध्यक्ष और 2 उपाध्यक्ष दिए है, ओम यदु को इस हाई प्रोफाइल सीट पर प्रत्याशी अधिकृत से लेकर चुनाव जिताने तक रणनीति तैयार करने हेतु प्रभार सौंपा है। जिससे कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

### शपथ ग्रहण समारोह 26 को

**डोंगरगढ़।** पेंशनर्स एसोसिएषन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हंसराज साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा गत दिनों कर दिया है। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण के बाद शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है। कार्यक्रम जिला पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जीआर देवागन के अतिथ्य में होगा। संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, सचिव रमेश बहेकर, उपाध्यक्ष सीपी शर्मा, उपाध्यक्ष कुलदीप साहू, महिला उपाध्यक्ष कुंता काडे, सह सचिव हेमंतकुमार, कोषाध्यक्ष बीआर बघेल, उप कोषाध्यक्ष त्रिभुवन दुबे, अंकेक्षक रामकुमार देवांगन, संरक्षक एलके नारंग, केआर देवांगन, काशीराम साहू, डीपी शर्मा, जेके जैन, सलाहकार हीरालाल यादव, वायएम विजयवार, बबलूराम शाडिल्य, केके बघेल, सिध्दार्थ मेश्राम, संयोजक एसआर वर्मा, भग्गुलाल साहू, अश्वनी पैकर आदि ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है: कलेक्टर वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बुधवार को कलेक्टर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्राक्रिया संपादित करने के लिए सेक्टर अधिकारियों और मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि या अव्यवस्था को रोकने के लिए प्रशिक्षण के दौरान बताए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण है, गंभीरता से प्रत्येक बिंदु को समझें। जिससे चुनाव के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को अपने सेक्टर क्षेत्र का भ्रमण करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि आपको विभिन्न विषयवार प्रशिक्षणों एवं दिशा निर्देशों के माध्यम से जानकारी प्रदान किया जा रहा है, जिसका पालन करते हुए कार्य करना है। सेक्टर अधिकारियों मतदान एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के बीच समन्वय का कार्य भी करेंगे, इसके लिए निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारियों को चुनाव की हर प्रक्रिया की बारीकी से प्रशिक्षण की पूरी जानकारी रखें। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों व मास्टर ट्रेनरों को उनके कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन करने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। उन्होंने निर्वाचन कार्य को अति आवश्यक एवं विशेष प्राथमिकता वाला कार्य बताते हुए त्रुटी रहित ढंग से अपने कार्य को संपादन करने कहा। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों को कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट संचालन संबंधित प्रशिक्षण दी गई। जिसमें ईवीएम की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि मतदान सामाग्री प्राप्त करने से लेकर सामाग्री वापसी तक सभी कार्य सेक्टर अधिकारी की जिम्मेदारी पूर्वक कार्य है। मतदान दलों से समन्वय कर कार्य करना सुनिश्चित करे। प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों की व्यवस्था, मतदान दलों को सामग्री वितरण पश्चात मतदान केंद्रों के लिए रवानगी, समय-समय मतदान की रिपोर्टिंग, ईवीएम मशीन सहित मतदान दलों की सकुशल वापसी सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल दामले के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी के निर्देशन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रचार-प्रसार किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विस्तार से चर्चा करते संजय सप्तर्षि ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस शिक्षा नीति के उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सकल अनुपात दर को बढ़ाना, मल्टीपल एंट्री और एग्जिट द्वारा शिक्षा को सरल एवं सुगम बनाना, साथ ही किसी भी विषय का विद्यार्थी कोई भी विषय लेकर पढ़ सकता है, जैसे मानविकी, कला या समाज विज्ञान विषय से संबंधित विद्यार्थी अपने रुचि के अनुरूप विज्ञान या वाणिज्य के विषय का चयन कर सकता है, उसी तरह विज्ञान या वाणिज्य का विद्यार्थी कला साहित्य के विषयों में भी निपुण हो सकता है।

इस शिक्षा नीति का सबसे ज्यादा जोर कौशल विकास एवं मूल्य वर्धित शिक्षा पर है, क्योंकि विद्यार्थी कौशल विकास से स्वरोजगार के अवसर ढूंढ सकता है और मूल्यवर्धित शिक्षा से मानवीय मूल्यों को समझ सकता है। उन्होंने बताया कि जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर आधारित यह पाठ्यक्रम लागू हो चुका है तथा 12वीं पास कोई भी विद्यार्थी मेरिट के आधार पर प्रवेश ले सकता है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ट्रैक्टर ट्राली से टकराई

**कवर्धा।** कवर्धा से होकर गुजरे रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे मार्ग में सड़क दुर्घटना सामने आई है। जहां पर तेज रफ्तार कार सामने से जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। घटना में कार सवार बाल-बाल बच गए। घटना में दो लोगों को चोट आई है, लेकिन उनकी हालत सामान्य है। घटना कोतवाली थाने के हरिनछपरा गांव के पास हुई है। जहां कार चालक तेजी से ओव्हर टेक करने के फेर में ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### हाईस्कूल बोक्करखार में पालक शिक्षक बैठक

**चिल्फीघाटी।** बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम के बोक्करखार के शासकीय हाई स्कूल में हाई स्कूल, मिडिल स्कूल व आश्रम शाला के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य विजय धुर्वे के अध्यक्षता में गत दिनो शिक्षा सत्र 2024-25 का तृतीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंध एवं विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्य पालक एवं शिक्षक इस बैठक में शामिल हुए। अर्धवार्षिक परीक्षा पश्चात परीक्षाफल का प्रोग्रेस रिपोर्ट, नियमित उपस्थिति, बोर्ड परीक्षा की तैयारी में पालक शिक्षक की भूमिका, परीक्षा के दौरान बच्चों को कैसे तनाव मुक्त रखें व गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन पर विशेष चर्चा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विजय धुर्वे, प्रधान पाठक नूलन लाल कोमा, लता तलवरे व शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेश धुर्वे ने बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर पालक एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### सम्पत्ति विरूपण निवारण आदेश किया गया जारी

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के दौरान राजनीतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय व अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाने तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से सम्बन्धित झंडिया लगाये जाने के कारण शासकीय व अशासकीय सम्पत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है।

### माथापच्ची: राजनीतिक दलों के पास प्रत्याशियों की घोषणा के लिए वक्त कम

# प्रत्याशी चयन करने पार्टियों को करनी पड़ रही माथा पच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद और पार्षद पद की टिकट के लिए मचे घमाशान के बीच प्रमुख राजनैतिक दलों द्वारा पार्टी प्रत्याशियों की अंतिम सूची तैयार करने भारी माथा पच्ची करनी पड़ रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित चुनावी प्रक्रिया के नगरीय निकाय चुनाव के लिए 22 जनवरी से नामांकन दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ होने और नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि 28 जनवरी की नजदीकियों के चलते राजनैतिक दलों के लिए योग्य और जीतने योग्य प्रत्याशियों का चयन एक बड़ी चुनौती बन गई है। यहीं वजह है कि अभी तक न तो सत्ता रूढ़ दल भाजपा जिले के किसी भी नगरीय निकाय से अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर पाई है और न ही प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस तथा जोगी कांग्रेस व आप जैसे राजनैतिक दल ही अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर पाए है। हालांकि इस मसले को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेता दम भर रहे हैं कि उनकी सभी तैयारियां पूरी हैं और वे नगरीय निकाय चुनाव के चुनावीरण में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होने जा रहा है यह भी राजनैतिक दलों के लिए एक बड़ी चुनौती है। सभी राजनैतिक दल पार्षद प्रत्याशियों के साथ विशेषकर नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद को लेकर कोई समझौता अथवा चूक नहीं करना चाहती। राजनैतिक दल अध्यक्ष पद के लिए एक ऐसे प्रत्याशी को अपने बैनर तले चुनावीरण में उतारना चाहती है तो हर मतदाता की पसंद तथा अपेक्षाओं में खरा उतरे और पार्टी की जीत सुनिश्चित कर सके।

### जोगी कांग्रेस व आप भी आजमायेगी किस्मत



विधानसभा चुनाव की ही तरह नगरीय निकाय चुनाव में भी जोगी कांग्रेस तथा आम आदमी पाटी अपनी किस्मत आजमायेगी। जानकारी के मुताबिक इन पार्टियों द्वारा भी जिले के कवर्धा, पंडरिया, स. लोहारा, पाण्डातराई, पिपरिया, इंदौरी तथा बोड़ला नगरीय निकाय के सभी वार्डो में पार्षद पद के लिए तथा अध्यक्ष पद के लिए अपने प्रत्याशी उतारेगी। आम आदमी पार्टी तो नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बैठक भी कर चुकी है। हालांकि माना जा रहा है कि सिर्फ चुनाव के समय नजर आने वाले इस तरह के राजनैतिक दलों की भूमिका चुनाव में कुछ खास नहीं होती।

### नगरीय निकायों के अध्यक्ष तथा पार्षद पदों के लिए नामांकन फार्मो की बिक्री शुरू

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के आम निर्वाचन की समय अनुसूची कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही नामांकन दाखिले की प्रक्रिया भी 22 जनवरी से प्रारंभ हो गई। हालांकि पहले दिन जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे तो लेकिन दाखिल किसी ने भी किया। जानकारी के मुताबिक कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष पद तथा पार्षद के लिए नामांकन फार्म बिक्री की बोहनी हो चुकी है। इसी प्रकार जिले के दूसरे नगरीय नगरीय निकायों में भी नामांकन फार्म की बिक्री शुरू हो गई है।



# गणतंत्र दिवस के लिए मार्च पास्ट का अभ्यास

- पीजी कॉलेज मैदान में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं और पर्व की नजदीकियों को देखते हुए पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन सहित विभिन्न स्कूलों तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में मार्च पास्ट की तैयारियां शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले मार्च पास्ट में अपना वर्चस्व कायम करने पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न शासकीय-गैर शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के प्लाटूनों ने नगर के पीजी कॉलेज मैदान में सुबह-शाम मार्च पास्ट का अभ्यास प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अलावा विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने अपनी-अपनी संस्थाओं में तैयारियां कर रहे हैं। दूसरी तरफ जिला व पुलिस प्रशासन स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह आयोजन में कोई कोर-कसर न रह जाए इस बात का पूरा ख्याल रख रहे है।

हर बार की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन स्थानीय शासकीय पीजी महाविद्यालय के मैदान में संपन्न होगा। जहां मार्चपास्ट के लिए पुलिस प्रशासन सहित शासकीय एवं गैर शासकीय विद्यालयों के प्लाटूनों ने अभ्यास किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यह अभ्यास संभवतः गणतंत्र दिवस के पूर्व तक लागातार जारी रहेगा।

# रोवर रेंजर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए ओपन सीनियर स्काउट गाइड टीम भोरमदेव ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम कवर्धा के रोवर रेंजर ने स्काउट गाइड के साथ मिलकर नगर के सिग्नल चौक में यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।

जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के मार्गदर्शन एवं रोवर लीडर विजय कुमार साहू के नेतृत्व में रोवर रेंजर, स्काउट गाइड ने आम लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों को नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।

इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चातर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर के स्काउट गाइड प्रभारी सहित स्काउट गाइड, रोवर रेंजर शामिल हुए।

### राज्य युवा महोत्सव में कबीरधाम जिले की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कवर्धा।** राज्य युवा महोत्सव 2025 का आयोजन गत 12 से 14 जनवरी तक खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें कबीरधाम जिले की टीमों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदान प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले की टीम ने कृषि उत्पाद की बालिका समूह की सदस्य अन्नपूर्णा कौशिक, भारती साहू, रिया कौशिक, करीना बंजारे, मंजू, खिलेश, तथा कुलेश ने पूरे प्रदेश में द्वितीय प्राप्त किया। टीम को उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक धरसीवा, के द्वारा सम्मानित किया गया। इसी प्रकार काहानी लेखन में पूर्णिमा कौशिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कबीरधाम जिले की टीम का नेतृत्व नोडल अधिकारी सीमारानी साहू, सहायक नोडल अधिकारी संतोष चंद्रवंशी एवं सुश्री रीना शर्मा नगर सैनिक स्वामी विवेकानंद एकेडमी ट्रेनर महिला सेल ने किया और खिलाड़ियों का उत्कृष्ट उत्साह वर्धन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर एवं खेल युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग के डीईओ महेंद्र गुप्ता ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# कलेक्टर ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा आदेश किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के दौरान जिले में लोक शांति बनाये रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय भी किए गए है। कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कबीरधाम जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया है। जारी आदेश अनुसार नगरीय एवं पंचायत निकाय क्षेत्रों के अंदर कोई भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दुक, रायफल, पिस्टल, भाला, बल्लम, बरछा, तलवार, गुप्ती, खूखरी लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं, रैली, जुलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। सम्पूर्ण नगरीय एवं पंचायत निकाय क्षेत्रों में कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और आपत्तिजनक नारे नहीं लगायेगा। आपत्तिजनक पोस्टर आदि प्रदर्शित व वितरित नहीं करेगा। सम्पूर्ण नगरीय एवं पंचायत निकाय क्षेत्रों के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या दल, बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा। साथ ही किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, चक्का जाम एवं पुतला दहन किसी भी स्थिति में वर्जित रहेगा। आदेश की कण्डिका-1 उन व्यक्तियों, शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य सम्पादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों व अधिकारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति व दल, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी होने की तिथि से नगरीय निकाय आम निवाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक की अवधि के लिए कबीरधाम जिला अंतर्गत प्रभावशील रहेगा।

# भाजपा ने पंडरिया जपं चुनाव के लिए नियुक्त किए दो प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

बहुप्रतीक्षित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की तिथि चुनाव आयोग द्वारा तय कर दी गई है। चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद विभिन्न पार्टियों द्वारा अपने प्रत्याशियों को चुनाव में टिकट वितरण एवं हर संभव जीत दिलाने चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है।




इसी कड़ी में जिला भाजपा द्वारा जनपद पंचायत पंडरिया के लिए 2 प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिला भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक पंडरिया जनपद पंचायत चुनाव के लिए भाजपा द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार चंद्राकर एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय की नियुक्ति प्रभारी के रूप में की गई है। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के आदेशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर पंडरिया जनपद पंचायत चुनाव के लिए रामकुमार चंद्राकर एवं विकास पाण्डेय को प्रभार सौंपा है। जनपद सदस्य की चुनाव से लेकर जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की ताजपोशी तक इनकी अहम भूमिका रहेगी। इस संबंध में नवनियुक्त प्रभारियों ने कहा कि जनपद पंचायत पंडरिया के लिए प्रत्याशियों का चुनाव पार्टी तथा जनभावनाओं के अनुरूप किया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा विजेता प्रत्याशियों का चयन कर उन्हें चुनाव मैदान में उतारेगी।



# शाकंभरी महोत्सव एवं श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवगोड़ान

अयोध्या श्री राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ एवं मरार समाज की आराध्य देवी शाकंभरी महोत्सव आज यहां धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर बीचपारा स्थित श्री रामजानकी मंदिर में रामायण पाठ एवं हवन पूजन के पश्चात खीर पूड़ी के साथ हलुआ का प्रसाद वितरण किया गया। घरों में दीपमालिका जला कर खुशियां मनाई गई। वहीं प्रतिवर्षानुसार स्थानीय मरार समाज द्वारा बुधवार को यहां गायत्री चौक में शाकंभरी पूजन का आयोजन भी रखा गया था। जिसके तहत विभिन्न शाक सब्जियों से निर्मित मां शाकंभरी की मनोहर प्रतिमा की विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात सामूहिक हवन और आरती की गई।

इसके पहले पूरे गांव में बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वहीं मरार समाज की ओर से भी सार्वजनिक भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। जबकि रात्रिकालीन कार्यक्रम के तहत देवी भजन एवं जस गीत गायन किया गया।

### अध्यक्ष के लिए 5 और पार्षद के लिए 19 नाम निर्देश पत्रों का विक्रय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आज अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए नाम निर्देश पत्रों की बिक्री जारी रही। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देश फार्म विक्रय तथा जमा करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। आज जिले के सात नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 5 और पार्षद पद के लिए 19 पत्रों का विक्रय हुआ है। हालांकि, आज एक भी नाम निर्देश पत्र जमा नहीं किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि पिपरिया नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 1 आवेदन पत्र जबकि कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष पद हेतु 4 आवेदन पत्र विक्रय किए गए। इसी प्रकार, पार्षद पद के लिए पंडरिया नगर पालिका में 2, पांड़ातराई नगर पंचायत में 1, इंदौरी नगर पंचायत में 1, पिपरिया नगर पंचायत में 2 और कवर्धा नगर पालिका में 13 आवेदन पत्रों का विक्रय हुआ है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।

### जिले के सात नगरीय निकायों के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग

# नपा आम निर्वाचन के लिए अधिकारी किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के आदेश और छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 13 और 14 के तहत नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के लिए रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। यह आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा 21 जनवरी 2025 को जारी किया गया। संबंधित अधिकारियों को समय पर निर्वाचन कार्य की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं आदेश में नगरीय निकायों के लिए संबंधित रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिसका विवरण इस प्रकार है। रिटर्निंग ऑफिसरः सुश्री मोनिका कौडो, अपर कलेक्टर, कबीरधाम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री आकांक्षा नायक, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा एवं रोहित कुमार साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, कवर्धा को बनाया गया है। नगर पालिका परिषद, पंडरिया के रिटर्निंग ऑफिसर संदीप ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पंडरिया को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती पूजा सिंगसार्वा, नायब तहसीलदार, पंडरिया एवं अभिषेक सिंह राजपूत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पंडरिया बनाया गया है। नगर पंचायत, पांडातराई के रिटर्निंग ऑफिसर रविन्द्र कुमार कुर्रे, तहसीलदार, कुंडा को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भगवती प्रसाद ध्रुव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पांडातराई को बनाया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, तहसीलदार, पिपरिया को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर योगेश्वर सिंह नेताम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पिपरिया होंगे। नगर पंचायत इंदौरी के रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री प्रीति लारोकर, तहसीलदार, स्था. निर्वा. कार्यालय, कबीरधाम को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती कावेरी मुखर्जी, नायब तहसीलदार, पिपरिया होंगे। रिटर्निंग ऑफिसर चेतन साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सहसपुर लोहारा को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हुलेश्वर कुमार पटेल, नायब तहसीलदार, सहसपुर लोहारा तेजसिंह चंद्रवंशी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सहसपुर लोहारा होंगे। रिटर्निंग ऑफिसरः सुश्री रुचि शार्दुल, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बोडला को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रकाश जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, बोडला होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सभी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।